
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 149 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शनिवार 02 दिसम्बर 2023 ● पृष्ठ : 10 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम से अर्जित धन, सौभाग्य का दाता होता है।

Money earned by hard work brinos good fortune.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब के किसानों को बड़ा तोहफा, गन्ने के दामों में हुई बढ़ोतरी

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पंजाब के किसानों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री ने 2023-24 के लिए गन्ने की कीमत में लगभग 11 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी को हरी झंडी दे दी है। पंजाब सरकार ने पिछले दिनों किसान संगठनों के साथ बैठक की और उसके बाद गन्ना मिल मालिकों के साथ गन्ने की कीमत में बढ़ोतरी के मुद्दे पर चर्चा की। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर लिखा है- पंजाब में 11 रुपये का शुभ शगुन हैज आज पंजाब के गन्ना किसानों के लिए 11 रुपये की कीमत बढ़ाकर शुभ संकेत दिया गया है, पंजाब में गन्ने का रेट अब 391 रुपये देश के बाकी हिस्सों से सबसे ज्यादा है।

### अमित शाह और मल्लिकार्जुन खड़गे ने 59वें स्थापना दिवस पर बीएसएफ को बधाई दी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस पर जवानों को बधाई दी। एक्स पर एक पोस्ट में, अमित शाह ने कहा कि मैं बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस पर बल के सभी सैनिकों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं देता हूं। देश को बीएसएफ पर गर्व है जो अपनी बहादुरी से हमारे देश की सीमाओं को अभेद्य रखता है।

## बड़े देश स्वार्थ छोड़कर, स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाएं : पीएम नरेन्द्र मोदी



**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक समुदाय का आज आह्वान किया कि जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने के लिए उन्हें स्वार्थ प्रेरित सोच के अंधेरे से बाहर निकलना होगा और ऊर्जा संक्रमण, न्यायपूर्ण, समावेशी एवं समानतापूर्ण बनाने के लिए दूसरे देशों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सुलभ करके स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाना होगा। मोदी ने यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अध्यक्षता में आयोजित विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन (सीओपी-28) में विशेष संबोधन में इस आह्वान के साथ ग्रीन क्रेडिट पहल की घोषणा की और सभी देशों से इससे जुड़ने की अपील भी की। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुटेरस भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने विश्व नेताओं को दो टूक शब्दों में नसीहत देते हुए कहा, पिछली शताब्दी की गलतियों को सुधारने के लिए हमारे पास बहुत ज्यादा समय नहीं है। मानव जाति के एक छोटे हिस्से ने प्रकृति का अंधाधुंध दोहन किया। लेकिन इसकी कीमत पूरी मानवता विशेषकर ग्लोबल साउथ के निवासियों को चुकानी पड़ रही है। सिर्फ मेरा भला हो, ये सोच, दुनिया को एक अंधेरे की तरफ ले जाएगी। इस हॉल में बैठा प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक राष्ट्राध्यक्ष बहुत बड़ी जिम्मेदारी के साथ यहां आया है। हम में से सभी को अपने दायित्व निभाने ही होंगे। पूरी दुनिया आज हमें देख रही है, इस धरती का भविष्य हमें देख रहा है। हमें सफल होना ही होगा। मोदी ने कहा,हमें निर्णायक होना होगा। हमें संकल्प लेना होगा कि हर देश अपने लिए जो जलवायु लक्ष्य तय कर रहा है, जो संकल्प कर रहा है, वो पूरा करके ही दिखाएगा। हमें एकता से काम करना होगा। हमें संकल्प लेना होगा कि हम मिलकर काम करेंगे, एक दूसरे का सहयोग करेंगे, साथ देंगे। हमें वैश्विक कार्बन बजट में सभी विकासशील देशों को उचित शेयर देना होगा। हमें अधिक संतुलित होना होगा। हमें ये संकल्प लेना होगा कि अनुकूलन, शमन, जलवायु वित्तपोषण, प्रौद्योगिकी, हानि और क्षति इन सब पर संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ें। हमें महत्वाकांक्षी होना होगा। हमें संकल्प लेना होगा कि ऊर्जा संक्रमण, न्यायपूर्ण, समावेशी एवं समानतापूर्ण हो। हमें नवान्वेषी बनना होगा। हमें ये संकल्प लेना होगा कि नवान्वेषी तकनीक का लगातार विकास करें। अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरे देशों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण करें। स्वच्छ ऊर्जा की आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त करें।

उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी का अध्ययन है कि इस तरह से हम 2030 तक प्रति वर्ष 2 अरब टन कार्बन उत्सर्जन कम कर सकते हैं। आज मैं इस फोरम से एक और, पर्यावरण के अनुकूल, प्रभावी एवं सकारात्मक पहल का आह्वान कर रहा हूँ। यह है ग्रीन क्रेडिट्स इनीशिएटिव। यह कार्बन क्रेडिट की वाणिज्यिक मानसिकता से आगे बढ़कर, जन भागीदारी से कार्बन सिंक बनाने का अभियान है। मैं उम्मीद करता हूं कि आप सब इससे जरूर जुड़ेंगे।

इससे पहले अपने भारत की शुरुआत करते हुए श्री मोदी ने विश्व समुदाय का इस बात के लिए आभार ज्ञापन किया कि उनके द्वारा उठाए गए जलवायु न्याय, जलवायु वित्तपोषण और ग्रीन क्रेडिट जैसे विषयों को सभी देशों ने निरंतर समर्थन दिया है। हम सभी के प्रयासों से ये विश्वास बढ़ा है कि विश्व कल्याण के लिए सबके हितों की सुरक्षा आवश्यक है, सबकी भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज भारत ने पारिस्थिकी एवं अर्थव्यवस्था के उत्तम संतुलन का उदाहरण विश्व के सामने रखा है। भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद, ग्लोबल कार्बन उत्सर्जन में हमारी हिस्सेदारी केवल चार प्रतिशत से भी कम है। भारत विश्व की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जो राष्ट्रीय विकास परिषद के लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर है।

उन्होंने कहा कि उत्सर्जन तीव्रता सम्बन्धी लक्ष्यों को हमने 11 साल पहले ही हासिल कर लिया है। गैर जीवाश्मीय ईंधन के लक्ष्यों को हम निर्धारित समय से नौ साल पहले ही प्राप्त कर चुके हैं। और भारत इतने पर ही नहीं रुका है। हमारा लक्ष्य 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता को 45 प्रतिशत घटाना है।

## मिजोरम रिजल्ट की बदली तारीख, अब 4 दिसंबर को होगी मतगणना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मिजोरम विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि 3 दिसंबर की जगह 4 दिसंबर को मिजोरम चुनाव के नतीजे सामने आएंगे। इससे पहले मिजोरम में 'एनजीओ कोऑर्डिनेशन कमेटी (एनजीओसीसी) के सदस्यों ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा चुनाव के बाद तीन दिसंबर को प्रस्तावित मतगणना की तिथि में बदलाव को लेकर राज्यभर में विरोध प्रदर्शन किया। राज्य की राजधानी आइजोल और अन्य जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किये गए।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना केंद्रों में मतगणना हेतु समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने दिए निर्देश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना दिवस में मतगणना केंद्रों में मतगणना हेतु समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केल्कुलेटर प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं/ मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल मे कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग आफिसर द्वारा प्रदाय किये गये ईवीएम और वीवीपैट की सूची जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लायी गई है, प्लास्टिक पेन / पेंसिल ले जाने की अनुमति है।

मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था हेतु नियुक्त व्यवस्थापक द्वारा भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जायेगा।

मतगणना हॉल में मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीडी, सिगरेट, गुटका प्रतिबंधित है।

## एनएमडीसी का मजबूत प्रदर्शन, नवंबर, 2023 तक सर्वोत्तम प्रदर्शन

| | नवम्बर 2023 | नवंबर 2022 | वृद्धि | नवम्बर 2023 तक | नवंबर 2022 तक | वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्पादन (मिलियन टन में) | 3.83 | 3.61 | 6% | 27.31 | 23.32 | 17.11% |
| बिक्री (मिलियन टन में) | 3.79 | 3.04 | 24.7% | 27.78 | 22.49 | 23.55% |



**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एनएमडीसी ने नवंबर, 2023 के दौरान लौह अयस्क के 3.83 मिलियन टन के उत्पादन और 3.79 मिलियन टन की बिक्री के साथ कंपनी के इतिहास में नवंबर महीने में अबतक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इन आकड़ों के साथ कंपनी ने गत वर्ष की इस अवधि की तुलना में उत्पादन में 6 प्रतिशत की वृद्धि और बिक्री में 24.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है।

उत्पादन और बिक्री की मात्रा में असाधारण वृद्धि जारी रखते हुए एनएमडीसी का नवंबर, 2023 तक संचयी लौह अयस्क उत्पादन अब 27.31 मिलियन टन तक पहुँच गया है और संचयी बिक्री 27.78 मिलियन टन तक पहुँच गई है। एनएमडीसी के लिए एक शानदार वृद्धि वर्ष साबित होते हुए यह कंपनी का नवंबर 2023 तक का सबसे अधिक संचयी उत्पादन और बिक्री है। गत वर्ष की इस अवधि की तुलना में संचयी उत्पादन 17.11 प्रतिशत अधिक है और संचयी बिक्री में 23.55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

कंपनी की तेजी के साथ बढ़ती मात्रा पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि एनएमडीसी का माह दर माह प्रदर्शन एक ऐसे भविष्य का संकेत देता है जहां कंपनी भविष्य में खनन क्षेत्र में परिवर्तन का प्रेरक बनेगा। हमारा लक्ष्य केवल मात्रा में वृद्धि करना नहीं है, बल्कि 2030 तक घरेलू बाजार का 1/6 हिस्से से बढ़कर एक चौथाई हिस्सा प्राप्त करने के लिए अपने व्यवसाय के मानकों में उल्लेखनीय बदलाव लाना है।

## पंजाब नेशनल बैंक में बड़ी लूट, लुटेरों ने 18 करोड़ रुपए कैश लूटा

**उखरुल (आरएनएस)।** मणिपुर में हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाशों ने पंजाब नेशनल बैंक से 18.80 करोड़ रुपये कैश लूट लिया। इस ब्रांच में भारतीय रिज़र्व बैंक बैंकों और एटीएम के लिए नकदी का स्टॉक रखा जाता है। इंफाल से लगभग 80 किमी दूर उखरूल शहर में अत्याधुनिक हथियारों से लैस लुटेरे बैंक पहुंचे, उन्होंने सुरक्षाकर्मियों को अपने कब्जे में ले लिया और कर्मचारियों को धमकाने के बाद तिजोरी से रकम लूट ली। कुछ अपराधियों ने सुरक्षाबलों वाली फर्जी वर्दी पहन रखी थी। वरिष्ठ कर्मचारियों में से एक को बंदूक की नोक पर तिजोरी खोलने के लिए कहा गया, जिसके बाद लुटेरों ने पैसे लूट लिए।

## छत्तीसगढ़ के सिमगा निवासियों को आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज का 52वां आचार्य पदारोहण दिवस मनाने का मिला सौभाग्य

**सिमगा (विश्व परिवार)।** संत विद्यासागर जी महाराज और ससंघ मुनियों का सिमगा शहर में मंगल प्रवेश करने पर भव्य स्वागत किया गया। आचार्यश्री के चरण जैसे ही नगर में पड़े तो जय-जय गुरूदेव की गूंज हर आरे सुनाई देने लगी। आचार्यश्री के एक झलक पाने जैन तो क्या कई अजैन बंधु भी सैकड़ों की संख्या में हाथ जोड़े खड़े थे। आचार्यश्री के सिमगा में मंगल प्रवेश करने पर पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य विजय जैन, संजय जैन, जिनेन्द्र जैन, चिंटू जैन के परिवार और सेवाराम गुरूप्रसाद ताम्रकार परिवार को मिला। सिमगा वासियों को माघशीर्ष कृष्ण द्वितीया के दिन आचार्यश्री के 52वें आचार्य पदारोहण दिवस मनाने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ।

आचार्यश्री को आहार देने का सौभाग्य विमला राजेश जैन परिवार को मिला। वहीं निर्यापक मुनिश्री प्रसाद सागर जी महाराज का आहार राजेश मधु जैन परिवार को, मुनिश्री चन्द्रपभु सागर महाराज सुषमा धीरज जैन परिवार और मुनिश्री निरामय सागर का आहार धरमचंद माया जैन परिवार के यहां निरंतराय आहार सम्पन्न हुआ।



## संघस्थ मुनियों ने अपने गुरू के प्रति उद्‌गार प्रकट किया

### आज से 52 वर्ष पूर्व जग को एक सूर्य मिला था, जिनका नाम है आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज : मुनिश्री निरामय सागर जी महाराज



**सिमगा (विश्व परिवार)।** इस अवसर पर मुनिश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि आप लोगों को आज ऐसे सूर्य के दर्शन हो रहे। जिसकी चमक कभी कम नहीं होती है। सूर्य की चमक को बादल ढक सकता है, लेकिन आचार्य भगवान के तेज को कोई बादल नहीं रोक सकता है। उनके ज्ञान व तपस्या की उर्जा हमेशा बनी रहती है। आप लोगों के भाग्य का उदय हुआ है कि आप के नगर में चलते-फिरते भगवान पधारे हैं।

आज से 52 वर्ष पूर्व जग को एक सूर्य मिला था, जिनका नाम आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज है, सर्वविदित है कि जब आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज, आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज को अपना आचार्य पद सौप रहे थे तब आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज उस पद को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हुए थे, इस घटना पर मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज लिखते हैं कि- अस्त हो रहे ज्ञान सूर्य ने, सोचा था इक दिन कि शाम, मेरे ढल जाने के बाद, कौन करेगा मेरा काम, यह आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज उनकी चिंता का विषय था, आचार्यश्री गुरूवर विद्यासागर जी महाराज के मुनि दीक्षा के उपरांत यह समस्या भी सुलझ गई थी, उन्होंने आचार्यश्री के सारे गुण मुनिश्री विद्यासागर जी महाराज में देख लिये थे, इसलिए उन्होंने अपना आचार्य पद श्री विद्यासागर जी महाराज को सौंप दिया था, यह त्याग और समर्पण का एक अद्‌भुत उदाहरण है। मुनिश्री निरामय सागर ने कहा कि मुनि दीक्षा ली जाती है तथा आचार्य पद सौंपा जाता है। मुनिश्री ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि सिमगा नगरी में आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज का आचार्य पदारोहण दिवस हम लोगों को यहां मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, साक्षात गुरूवर यहां विराजमान हैं, इसी भावना के साथ अंत में मैं यह कहना चाहता हूं- ये वो सूरज है जिनकी ना डूबेगी किरण, शाम होगी तो सितारों में बिखर जाएगी।


### दीव समा आर्य अप्पम च परम च दिव्यते : मुनिश्री चन्द्रप्रभ सागर जी महाराज

आचार्य दीपक के समान होते हैं, जो अपने को भी और पर (दूसरों को) भी अपने ज्ञान के माध्यम से प्रकाशित कर देते हैं। ऐसा अद्‌भूत समन्वय जो एक आचार्य में होता है, ऐसे हमारे आचार्यश्री में है, जो आज आपके गांव में आज पधारे हैं और सभी खुशी मना रहे हैं। 52 साल हो गये हैं, आचार्यपद को हमने सुना है, आप लोग ने सुना, पढ़ा हो बात अलग है, क्योंकि शास्त्र में लिखा है 2000 साल पूर्व में आचार्य कुंद-कुंद महाराज हुये थे वो भी 51 साल 10 महीने इतने ही साल आचार्य पद पर रहे और 2 माह आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के उनसे ज्यादा हो गये। ऐसे 52 साल से आचार्य पद पर रहते हुए यदि किसी ने धर्म की प्रभावना की है, तो वह हैं एक आचार्य, आचार्य विद्यासागर जी महाराज।

**निर्यापक मुनिश्री प्रसादसागर जी महाराज ने कहा**

### आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज इस सदी के सबसे बड़े ज्योतिषाचार्य थे

आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज वयोवृद्ध थे, तप वृद्ध थे, आयु में तो वृद्ध थे ही थे और ज्ञान वृद्ध थे, उनमें सब विशेषता थी, लेकिन एक विशेषता हम आपको बताना चाहते हैं कि आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी, आज के समय के सबसे बड़े ज्योतिष आचार्य थे क्योंकि उन्होंने अपना ज्योतिष देख लिया, कि आगे धर्म की ध्वजा फहराने का कौन ऐसा माइका लाल आगे आ सकता है? आज भारत की जन संख्या 124 करोड़ है, उसमें से ऐसा कौन सा व्यक्ति है जो धर्म की ध्वजा को आगे फहरा सकता है, उन्होंने अपना ज्योतिष देख लिया। ये आज की बात नहीं है, 1968 की बात है, उस समय आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज का कितना विरोध हुआ था, किसी ने कहा कि आप 22 साल के लड़के को दीक्षा दे रहे महाराज जी? तो आचार्य ज्ञान सागर जी ने कहा ठीक है भइया नहीं दे रहे, तो फिर आप ही आ जाओ, दादा जी आप माइका लाल हैं तो आप ही आ जाओ, अजमेर की बात है, कोई सामने नहीं आया क्योंकि व्रत, संयम जो होते हैं, शिव पद पर चलते और चलाते हैं। बहुत बड़ी जिम्मेदारी कहलाती है, उच्च पद होता है, पूरे शासन के नायक कहलाते हैं, क्योंकि अरिहंत भगवान तो अभी हैं ही नहीं, उनके जिन बिम्ब मंदिर में विराजमान है, सिद्ध परमेष्ठि अपने ध्यान में लगे हुए हैं, इसलिए आचार्य परमेष्ठी ही वर्तमान समय में मोक्ष के द्वार खोलने वाले हैं। आचार्यश्री विद्यासागर जी इस पद पर 52 वर्ष पहले आज ही के दिन आचार्य पद से सुशोभित हुए थे। **-काजल जैन**

# जिले के कलेक्टर-एसपी ने कहा पूरी पारदर्शिता के साथ होगी सक्ति जिले की मतगणना

## सभी विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी एवं उनके गणना अभिकर्ताओं की मतगणना प्रक्रिया के संबंध में बैठक आयोजित




**सक्ति (विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी एवं उनके गणना अभिकर्ताओं की मतगणना प्रक्रिया के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी व अभिकर्ताओं को 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना प्रक्रिया सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से मतगणना प्रक्रिया कराये जाने के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन की मतगणना कृषि उपज मंडी परिसर नंदेलीभांठा में बनाये जा रहे विधानसभावार कक्ष में की जाएगी। उन्होंने कहा कि 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने कहा कि नवगठित जिला सक्ती में पहली बार मतगणना की प्रक्रिया होगी। जिसके लिए मतगणना केन्द्र और स्ट्रांग रूम सहित अन्य आवश्यक स्थलों पर सुरक्षा बल पुरी सक्रियता से तैनात है, बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा के मतगणना के लिए अलग-अलग 14 टेबल इव्हीएम कांउटिंग, 2 टेबल डाक मतपत्र कांउटिंग तथा 1 टेबल ईटीपीबीएस स्कैनिंग के लिए लगाए जायेंगें। इस तरह प्रत्येक विधानसभा के लिए 17 टेबल लगाएं जाएंगे। अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक भी नियुक्त किये गये है। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगाकलेक्टर ने मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम खोले जाने के समय व जिला कोषालय में उपस्थित रहने वाले राजनैतिक अभिकर्ताओं की जानकारी जल्द उपलब्ध कराये जाने कहा। जिससे आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को विधानसभा स्तर पर भी सभी संबंधित राजनैतिक दलों की बैठक लेकर आवश्यक जानकारीयां दिये जाने के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित सभी राजनैतिक दल के अभ्यर्थियों व गणना अभिकर्ताओं को स्ट्रांग रूम व मतगणना केन्द्र के लिए किये गये सुरक्षा व्यवस्था व अन्य प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे स्ट्रॉन्ग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। पूरे परिसर में सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स की कंपनी भी तैनात है, जो लगातार सुरक्षा कार्य में लगी है। उन्होंने कहा कि नये जिले सक्ती में मतदान सहित अन्य सभी निर्वाचन संबंधी कार्य सुव्यवस्थित ढंग से हुए हैं और बेहतर समन्वय के साथ मतगणना संबंधी सभी प्रक्रियाओं को शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने की सभी तैयारियां की जा रही है, बैठक में बताया गया कि मतगणना के दिन सुबह 8 बजे से गोपनीयता बनाये रखने की शपथ के साथ प्रेक्षक एवं रिटर्निंग अधिकारी के निर्देश पर मतगणना प्रारंभ की जाएगी। अभ्यर्थी एवं अभिकर्ताओं को मतगणना प्रक्रियाओं एवं उन्हें सुव्यवस्थित मतगणना कार्य हेतु किए जाने वाले व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में अभ्यथियों या उनके गणना अभिकर्ताओं को मतगणना के दिन निर्धारित समय से पहले पहुंचने कहा गया है। मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर मोबाइल, प्लास्टिक एवं पॉलिथिन पैकेट में खाद्य सामग्री एवं नशे से संबंधित कोई भी समान आदि पूर्णतः वर्जित होगा।

इसके साथ ही बैठक में मतगणना दिवस से संबंधित पार्किंग व्यवस्था, बैठक व्यवस्था व विधानसभावार अन्य सभी आवश्यक जानकारियां विस्तार से दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र कुमार लकड़ा, रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा सक्ती पंकज डाहिरे, विधानसभा चन्द्रपुर सुश्री दिव्या अग्रवाल, विधानसभा जैजैपुर अरूण कुमार सोम, डाकमत पत्र नोडल रूपेन्द्र पटेल सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी व गणना अभिकर्ता उपस्थित थे

# डाक मतपत्र की गणना के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**जांजगीर-चांपा (विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में डाक मतपत्रों की गणना को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग आफिसर, गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक, माइक्रो आर्ब्जवर को प्रशिक्षकों ने डाक मतपत्रों की मतगणना के संबंध में तकनीकी जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्य करना है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारी, 80 आयु वर्ग से अधिक और दिव्यांगजनों के घर-घर से प्राप्त डाकमत पत्र, अनिवार्य सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं के मतपत्र की गणना की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी डाक मतपत्र वहीदुर्रहमान शाह सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की मतगणना के तैयारियों की समीक्षा




**जांजगीर-चांपा (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतगणना के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना की तैयारियों एवं मतपत्रों की गणना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, अपर कलेक्टर लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, सर्व रिटर्निंग अधिकारी, एआरओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग एवं मीडिया सेंटर एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मोबाइल, गैजेट, स्मार्ट वॉच इत्यादि प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा कॉन्फ्रेंस में मतगणना दिवस की कार्यवाही, पोस्टल बैलेट वेरिफिकेशन, काउंटिंग हाल में सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, ईव्हीएम में दर्ज किए गए मतों की गणना, ईटीपीव्हीएस की काउंटिंग, व्हीव्हीपैट पेपर स्लिप की गणना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

# मानवाधिकार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ह्यूमन राइट अवार्ड से नवाजे गए डॉक्टर जतिंदर पाल सिंह



**चांपा (विश्व परिवार)।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दिल्ली में ओपीजे ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो का अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन हुआ जिन में देश-विदेश से आए अतिथि गण के साथ भारत के कई राज्यों से पदाधिकारी एवं सदस्य सम्मिलित हुए अधिवेशन में कार्यक्रम की भव्यता जिसमे नेपाल से आए बच्चों ने भी अपनी प्रस्तुति दी और भारत के कई राज्यों ने अपनी अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुति की। साथ ही छत्तीसगढ़ से लोक कलाकार सूरज श्रीवास एवं करियारे के द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्य एवं पदाधिकारी का सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जतिन्दरपाल सिंह को मंच पर स्थान मिला और उन्होंने एनएच आरसीसीबी के बारे चर्चा करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार का धन्यवाद किया उन्होंने जो सम्मान दिया साथ ही उन्होंने आभार प्रकट किया अपने छत्तीसगढ़ टीम का कि वह अपने टीम के कारण आज इस जगह पर है और सारा श्रेय छत्तीसगढ़ टीम को जाता है। डॉ. सिंह को मंच पर विशेष सम्मान दिया गया साथ ही उनके उत्कृष्ट कार्यो को देखते और मानव अधिकार के क्षेत्र में उत्कृष्ट गतिविधियों का प्रदर्शन की सराहना करते उन्हें एनएच आरसीसीबी लीडरशिप अवार्ड दिया गया। जिसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय टीम एवं अपने छत्तीसगढ़ टीम का धन्यवाद करते आभार प्रकट किया।

# भीम युवा चेतना समिति मालखरौदा द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस धुमधाम से मनाया गया





**मालखरौदा (विश्व परिवार)।** नवीन जिला सक्ति के अंतर्गत आने वाले ब्लॉक एवं गौरव ग्राम मालखरौदा में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय दिनांक 26 नवंबर से लेकर 27- 11 -2023 तक संविधान दिवस एवं गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे महापुरुषों के जीवन संघर्ष एवं विशाल कड़ी विचारधारा विस्तार से सुनने समझने एवं जानने का अवसर प्राप्त हुआ सर्वप्रथम 26 नवंबर को भीम युवा चेतना समिति द्वारा डॉक्टर अंबेडकर जी की शोभायात्रा डीजे बजा के साथ हजारों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष जनप्रतिनिधि पंच सचिव, वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए एवं सभी युवा,जवान, बालिकाओं बच्चों,ने खुब नाचते झुमते हुए जनपद पंचायत के प्रांगण में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण नागरिक सभी फूल माला अर्पित किया एवं दीपक प्रज्वलित किया, सतनाम समिति के गुर संरक्षक जोसफ भारद्वाज एवं गया राम द्वारा जैतखाम में ध्वजारोहण किया गया, एवं साथ ही, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह अजगल्ले, पूर्व जनपद अध्यक्ष सावित्री रंजीत अजगल्ले , सामाजिक कार्यकर्ता लालू गबेल जी पंच श्याम लाल खुराना अयोध्या प्रसाद,घृतलहरे सभी अंबेडकर को नमन किया,एवं 26नवंबर को पूर्व विधायक लाल साय खुटे, जी आकर अच्छा संविधान के बारे में बतायें, बाबा साहब को नमन किया, एवं रविन्द्र रात्रे उपसरपंच ने बाबा साहब को नमन किया, शुभकामनाएं दिया कार्यक्रम के, प्रवक्ता गण रामेशवर खुटे, भूषण बंजारे, रामनरेश अजगलले, शिवेंद्र लहरे, रामकुमार टंडन,, विजय धीरहे, भारत कुर्रे,, कन्हैया भारद्वाज,, राजकुमार कांत, डाक्टर डी.आर जांगड़े, सुरेश अजगल्ले, डॉक्टर भरत लाल नवरंग, विरेन्द्र अजगल्ले,जी, डॉक्टर सुनील राय,डा. भुषण बघेल, क्रांति लहरें, डा.हेमत रात्रे, क्रांतिवर्धन सोनवाने, सुधीर बंजारे, अजय बंजारे, नवल किशोर।

# सिवनी शराब भट्ठी के सेल्समैन ने चांपा थाना प्रभारी पर लगाया दोहरे हत्याकांड को कबूलने के लिए दबाव बनाने का आरोप

## एसपी को लिखित शिकायत सौंपकर की उचित कार्यवाही की मांग







**चांपा (विश्व परिवार)।** ग्राम सिवनी (चांपा) स्थित शराब भट्ठी के एक सेल्समैन ने चांपा थाना प्रभारी पर शराब भट्ठी में हुए दोहरे हत्याकांड को कबूलने के लिए दवाब बनाने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। सेल्समैन ने इस संबंध में बुधवार की शाम जिले के पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर उचित कार्यवाही की मांग की है। वहीं स्थानीय स्तर पर न्याय नहीं मिलने की स्थिति में बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक से गुहार लगाने की बात भी कही है।ग्राम सिवनी (चांपा) स्थित शराब भट्ठी के सेल्समैन भरत बघेल ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह विगत तीन वर्षो से शराब भट्ठी में सेल्समैन का कार्य करते आ रहा है। बीते चार-पांच नवंबर की रात सिवनी भट्ठी में कार्य करने वाले दो चैकीदारों की हत्या हुई है। शराब भट्ठी के सीसीटीवी कैमरे में आरोपी की वीडियो भी सुरक्षित है। उक्त घटना के दो दिन बाद चांपा थाना प्रभारी द्वारा उससे घटना के संबंध में पूछताछ की गई और फिर छोड़ दिया गया। इसके बाद 21 नवंबर 2023 को पुनः थाने बुलाया और वहां लेदर के पट्टे और डंडे से बेतहाशा मारपीट की और हत्या को कबूलने के लिए कहा। सेल्समैन भरत बघेल ने अपनी शिकायत में आगे कहा है कि उसके साथ सुबह दस बजे से रात दस बजे तक मारपीट की गई फिर रात 10.30 बजे छोड़ दिया, जिसके बाद 28 नवंबर 2023 को शाम छह बजे शराब भट्ठी आए दो पुलिसकर्मी ने कहा कि वे रात को आएंगे, अकेले रहना और फिर रात लगभग 8.30 बजे पांच-छह लोग शराब भट्ठी आए और अकेला पाकर गाली-गलौज कर उसे धमकाया। इसके बाद शराब भट्ठी के पीछे तरफ लेकर गए और अपने साथ में लाए काले कपड़ों को पहनने को कहा, तब उसने मना किया, जिस पर मारपीट करने लगे। डर के कारण मजबूर होकर उन कपड़ों को पहना, जिसका पुलिस वालों ने फोटो व वीडियो बनाया है। शिकायत पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि पुलिस वालों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि हत्याकांड को कबूल कर लो, नही तो अंजाम बहुत बुरा होगा। इस हत्याकांड में दिख रहे कद-काठी व हुलिये जैसा पकड़ा उसे जबरदस्ती पहनाए हैं और इस दोहरे हत्याकांड को कबूलने के लिए उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं तथा उसकी जान को खतरा है। शिकायतकर्ता सेल्समैन भरत बघेल ने एसपी से निवेदन किया है कि उसकी शिकायत को संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही कर उसे सुरक्षा प्रदान की जाए। इधर, मीडिया से चर्चा करते हुए शिकायतकर्ता सेल्समैन भरत बघेल एवं उसके परिजनों ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम से जिले के पुलिस अधीक्षक को अवगत कराकर उचित कार्यवाही के साथ ही साथ सुरक्षा मुहैया कराए जाने की मांग की गई है।

उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर न्याय नहीं मिलने की स्थिति में बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकात कर उनसे न्याय की गुहार लगाई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार



### 14 सौ 28 किसानों ने बेचा धान पांच लाख मि.टन खरीदी का लक्ष्य

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में एक नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी में अभी तक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष तेजी नही आई है। चूंकि चुनावी वर्ष में किसानों के कर्ज माफी तथा प्रति क्विंटल में इजाफा होनें के कारण अधिकतर किसान नई सरकार बनने का इंतजार कर रहे हैं। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह तक रायगढ़ जिले में अभी तक केवल 7 हजार क्विंटल से अधिक ही धान खरीदा गया है। इस संबंध में जिले के खादय अधिकारी ने बताया कि रायगढ़ जिले में पांच लाख मिट्रिक धान खरीदी का लक्ष्य है। जिसके तहत 7 हजार 835 मिट्रिक धान खरीदी किया जा चुका है। अभी तक 14 सौ 28 किसान धान का विक्रय कर चुके हैं। राइस मिलों की पंजीयन और अनुमति की कार्रवाई की जा चुकी है। जिले में 58 प्रतिशत धान का उठाव भी किया जा चुका है। अवैध धान की रोक के लिये कड़ी निगरानी की जा रही है। 10 अंतराष्ट्रीय चेक पोस्ट हैं और अभी तक दो मामले बने है और वाहन की जब्ती बनाई गई है। पिछले साल की तुलना में इस साल धान खरीदी के संबंध में खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष प्रति एकड़ 20 क्विंटल खरीदी किया जाना है। जिससे किसानों का सोचना है कि हमारी उपज का पूरा धान सरकार क्रय करेगी। इसलिये इस बार ज्यादा धान मंडियों में आने की संभावना है।

### वूमेंस ताइक्कांडो चैंपियनशिप में रायपुर बना विजेता, मेजबान कोरबा रहा उपविजेता

कोरबा। जिले में आयोजित दो दिवसीय वूमेंस ताइक्कांडो चैंपियनशिप में एक से बढ़कर एक प्रदर्शन देखने को मिला। उन्होंने अपने हुनर से फाइटिंग रिंग से संदेश दिया कि महिलाएं भी किसी कम नहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एनटीपीसी के प्राचार्य सतीश




शर्मा ने कहा कि आत्मरक्षा की इस उत्कृष्ट विधा में स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों की ट्रेनिंग को अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। इस चैंपियनशिप में रायपुर टीम विजेता का खिताब जीतने कामयाब रही, जबकि मेजबान कोरबा उपविजेता रही। एचटीपीओ दर्री स्थित जूनियर क्लब में हुई प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग 70 जूनियर और सीनियर वर्ग के महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि डीपीएस एनटीपीसी स्कूल के प्राचार्य सतीश शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत् उत्पादन कंपनी की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मंजुला साहू छत्तीसगढ़ ताईक्कांडो संघ के महासचिव अनिल द्विवेदी व जिला ताईक्कांडो संघ के अध्यक्ष अखिल अग्रवाल मौजूद रहे। इस दौरान ताईक्कांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने मेजबान कोरबा सहित दुर्ग, भाटापारा, रायपुर, सरगुजा, पेंड्रा, बिलासपुर, जांजगीर चांपा, रायगढ़ और जशपुर जिले से महिला खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### ठेठ छत्तीसगढ़ी व्यंजन अंगाकर रोटी का लुफ्त उठाया मारवाड़ी युवा मंच सदस्यों ने

**सक्ति।** मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ के व्यंजनों के मशहूर अंगाकर रोटी का आनंद लिया, मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने स्थानीय नेशनल हाईवे शक्तिमें स्थित अतिथि ढाबे में अंगाकर रोटी की डिनर पार्टी का आयोजन किया था, जिसमें पूर्ण रूप से छत्तीसगढ़ी व्यंजन अंगाकर रोटी, चिला चटनी, मुर्रा तथा चावल के खजले की पार्टी दी गई ,इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के अध्यक्ष मनीष कथूरिया ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में यहां के व्यंजनों में प्रमुख रूप से अंगाकर रोटी अपना एक अलग स्थान रखती है, तथा मंच सदस्यों के आग्रह पर आज यहां पूर्ण रूप से छत्तीसगढ़ी व्यंजन की डिनर पार्टी रखी गई है। तथा मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा द्वारा आयोजित इस डिनर पार्टी में प्रमुख रूप से मंच के शाखा अध्यक्ष मनीष कथूरिया,हरिओम अग्रवाल, संजय रामचंद्र, महेंद्र जिंदल, राजकुमार अग्रवाल राजू, सुधीर सराफ प्रकाश चंद्र अग्रवाल, रवि अग्रवाल अशोका, मुकेश अग्रवाल साई कंप्यूटर, रितेश अग्रवाल डीएम,राकेश अग्रवाल शांति पैलेश सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे,ज्ञात हो की शक्ति शहर के नेशनल हाईवे में श्याम वाटिका के बगल में स्थित अतिथि ढाबे में छत्तीसगढ़ी व्यंजन संपूर्ण रूप से 24 घंटे उपलब्ध है, एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश में जहां यहां की संस्कृति एवं यहां के व्यंजनों को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में प्रयास हो रहे हैं।

# संपादकीय

## क्योंकि सवाल राजनीतिक है

जो समस्या पैदा हुई है, उसका कारण संविधान की अस्पष्टता नहीं है। अगर केंद्र में सत्ताधारी पार्टी सर्वसत्तावादी महत्त्वाकांक्षाएं पाल ले, तो वे तमाम संवैधानिक प्रावधान महज कागज पर लिखी लकीर बन जाते हैं, जिनका मकसद व्यवस्था को नियंत्रित और संतुलित रखना है। विधेयकों को मंजूरी देने के मामले में राज्यपालों की अपेक्षित भूमिका के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा है, उससे व्यवहार में कितना फर्क पड़ेगा, यह कहना मुश्किल है। कोर्ट इस बारे में संविधान के प्रावधान की उचित व्याख्या की है। लेकिन यह प्रावधान तो पहले से मौजूद है और उसमें कोई अस्पष्टता नहीं है। पंजाब और केरल की सरकारों और वहां के राज्यपालों के बीच चल रहे विवाद में अदालत ने कहा है कि अगर राज्यपाल किसी विधेयक को मंजूरी नहीं देना चाहते हैं, तो उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए बिल को यथाशीघ्र पुनर्विचार के लिए विधानसभा को लौटा देना चाहिए। अब यहां असल मुद्दा इसी यथाशीघ्र की व्याख्या का है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में कोई निश्चित समयसीमा तय नहीं की। संभवतः ऐसा करना संविधान के मुताबिक उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। इसीलिए उसने जो व्यवस्था दी है, उसे एक तरह से कोर्ट की सदिच्छा कहा जा सकता है। यथाशीघ्र का मतलब कितना समय है, इस बारे में राज्य सरकार और राज्यपाल की समझ अलग-अलग होने की गुंजाइश बची हुई है।कोर्ट ने कहा है कि किसी विधेयक को लौटाए जाने के बाद अगर विधानसभा उनकी आपत्तियों पर गौर करते हुए या उसे नामंजूर करते हुए विधेयक को फिर से पारित कर देती है, तो फिर राज्यपाल के पास उस पर दस्तखत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह भी संवैधानिक प्रावधान को दोहराया जाना ही है। बहरहाल, इस मामले में सुप्रीम कोर्ट को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इसलिए कि जो समस्या पैदा हुई है, उसका कारण संवैधानिक प्रावधान की अस्पष्टता नहीं है। बल्कि उसकी जड़ें मौजूदा राजनीतिक माहौल में छिपी हैं। अगर केंद्र की सत्ता में मौजूद पार्टी सर्वसत्तावादी महत्त्वाकांक्षाएं पाल ले, तो वे तमाम संवैधानिक प्रावधान महज कागज पर लिखी लकीर बन जाते हैं, जिनका मकसद व्यवस्था को नियंत्रित और संतुलित रखना है। चूंकि ऐसा एक राजनीतिक प्रक्रिया के माध्यम से होता है, इसलिए इसका समाधान भी ऐसी ही प्रक्रिया से ढूंढा जा सकता है।

# गरीबी घटी....आय असमानता भी घटे....

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुताबिक गरीबों के सशक्तिकरण के लिए निःशुल्क खाद्यान्न की जरूरत बनी हुई है। पिछले पांच वर्षों में 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, ऐसे में पूरे देश के गरीब लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा है। निःसंदेह मुफ्त खाद्यान्न योजना की जरूरत न केवल गरीबों के सशक्तिकरण के लिए, वरन आय असमानता घटाने के लिए आवश्यक बनी हुई है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 6 नवंबर को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी 2015-2016 के मुकाबले 2019-2021 के दौरान 25 फीसदी से घटकर 15 फीसदी आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यद्यपि गरीबी निवारण अभियान से भारत में गरीबी घटी है, लेकिन अभी भी भारत में आय की असमानता बढ़ी हुई है। यह उल्लेखनीय है कि एशिया पेसेफिक ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2000 में जहां करीब 37 हजार रुपए थी, वहीं वर्ष 2022 में बढ़कर करीब 2 लाख रुपए हो गई है। गौरतलब है कि भारत में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) 10 सितंबर 2013 को अधिसूचित हुआ है। इसका उद्देश्य नागरिकों की गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए वहनीय मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की 5 किलोग्राम मात्रा उपलब्ध कराना है। ऐसे में इसके तहत राशन कार्डधारकों को चावल 3 रुपए, गेहूं 2 रुपए और मोटे अनाज 1 रुपए प्रति किलो वितरण की शुरुआत की गई। कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त अनाज दिए जाने की भी शुरुआत की। कई बार इसकी अवधि बढ़ाने के बाद सरकार ने एक जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक एक वर्ष के लिए इस योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अनाज वितरण की योजना में मिलाने का निर्णय किया। सरकार ने चावल और गेहूं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत



ऐसे में गरीब एवं कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए रोजगार के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा, वहीं दूसरी ओर कौशल प्रशिक्षण के साथ नए स्किल्स सीखने होंगे। इस बात पर भी ध्यान दिया जाना होगा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज के साथ उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने और उनके लिए रोजागर के अधिक अवसरों के लिए भी अधिक प्रयास करने होंगे। ऐसा होने पर ही गरीबी घटाने और आय में असमानता को कम करने में सफलता प्राप्त की जा सकेगी। फिलहाल गरीब और अमीर की आय में दिन-रात का अंतर है हाल ही में केंद्र सरकार ने 80 करोड़ से अधिक पात्र लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की योजना आगामी पांच वर्षों यानी दिसंबर 2028 तक के लिए बढ़ा दी है।

क्रमशः तीन रुपए और दो रुपए प्रति किलो की दर से बेचने के बजाय मुफ्त कर दिया। अब वर्ष 2028 तक एक बार फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत आने वाली देश की दो-तिहाई आबादी को राशन प्रणाली के तहत मुफ्त में अनाज देने की भारत की पहल दुनिया भर में रेखांकित की जा रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष सहित दुनिया के विभिन्न सामाजिक सुरक्षा के वैश्विक संगठनों के द्वारा भारत की खाद्य सुरक्षा की जोरदार सराहना की गई है। आईएमएफ के द्वारा पिछले दिनों प्रकाशित रिसर्च पेपर में कोविड की पहली लहर 2020-21 प्रभावों को भी अध्ययन में शामिल करते हुए कहा गया है कि सरकार के पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और इससे अत्यधिक गरीबी में भी कमी आई है। आईएमएफ के कार्यपत्र में कहा गया है कि खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम कोविड-19 से प्रभावित वित्तीय वर्ष 2020-21 को छोड़कर अन्य वर्षों में गरीबी घटाने में सफल रहा है। दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कोविड-19 के बीच भारत में खाद्यान्न के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचे सुरक्षित खाद्यान्न भंडारों के कारण ही देश के 80 करोड़ लोगों को लगातार मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध होने के कारण वे गरीबी के दलदल में फंसने से बच गए। देश में लगातार बढ़ता हुआ रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूती प्रदान कर रहा है। चालू कृषि वर्ष 2022-23 में 3305.34 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का अनुमान है। लेकिन वर्ष 2023-24 में गेहूं और दलहन उत्पादन में कमी के संकेत सामने आ रहे हैं। ऐसे में देश में खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ बढ़ती जनसंख्या के लिए अधिक खाद्यान्न की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2023 में भारत 142.86 करोड़ लोगों की आबादी के साथ चीन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। चूंकि खाद्यान्न के केंद्रीय पूल में सालाना 780 से 800 लाख टन गेहूं और चावल की खरीद होती है। पीडीएस के तहत अनाज देने के लिए 500 से 590 लाख टन अनाज की जरूरत होती है। वर्ष 2023-24 में केंद्र ने एनएफएसए में 600 लाख टन गेहूं और चावल का आवंटन किया है। ऐसे में जब देश में अधिक खाद्यान्न उत्पादन की जरूरत है, तब खाद्यान्न को बर्बादी से बचाने के लिए खाद्यान्न भंडारण की अधिक क्षमता भी जरूरी है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 31 मई को सरकार के द्वारा स्वीकृत नई खाद्यान्न भंडारण क्षमता योजना महत्वपूर्ण दिखाई दे रही है। यह योजना लगभग एक लाख करोड़ रुपए के खर्च के साथ शुरू होगी। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3100 लाख टन है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। यद्यपि भारत दुनिया का प्रमुख खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में बहुत पीछे है। अनाज के अन्य बड़े उत्पादक देशों चीन, अमेरिका, ब्राजील, यूक्रेन, रूस और अर्जेन्टीना के पास खाद्यान्न भंडारण क्षमता वार्षिक उत्पादन की मात्रा से कहीं अधिक है। ऐसे में देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## विचार

### भारत की ब्रिक्स दुविधा

पाकिस्तान ने ब्रिक्स की सदस्यता के लिए अर्जी दे दी है। ब्रिक्स में परंपरा आम-सहमति से निर्णय लेने की है। ऐसे में भारत की अकेली असहमति भी पाकिस्तान की सदस्यता रोक सकती है। मगर ऐसा करते हुए भारत के अलग-थलग पड़ने का अंदेशा है।पाकिस्तान ने ब्रिक्स की सदस्यता लेने के लिए औपचारिक रूप से आवेदन कर दिया है। गौरतलब है कि इसका एलान सबसे पहले मास्को स्थित पाकिस्तानी राजदूत ने किया। खबरों के मुताबिक रूस पाकिस्तान को ब्रिक्स समूह में लाने का पूरा समर्थन कर रहा है। हाल में रूस और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक और राजनयिक संपर्क बढ़ा है। उधर ब्रिक्स के मौजूदा अध्यक्ष दक्षिण अफ्रीका ने कुछ समय पहले ब्रिक्स संबंधी एक बैठक में पाकिस्तान को भी आमंत्रित किया था। चीन का हाथ तो हमेशा ही पाकिस्तान की पीठ पर रहता है। ऐसे ब्रिक्स के पांच मूल सदस्यों में से तीन का झुकाव इस समय पाकिस्तान के पक्ष में दिख रहा है। उधर जो छह नए सदस्य इस समूह में शामिल हुए हैं, उनमें से भी कई का साथ उसे मिल सकता है। उनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र शामिल हैं। इथियोपिया को भी इस पर कोई एतराज होगा, इसकी संभावना नहीं है। वैसे एतराज शायद ब्राजील और ईरान को भी नहीं हो। इसीलिए यह सवाल गंभीर है कि इस हाल में भारत का क्या रुख होगा? ब्रिक्स में परंपरा आम सहमति से निर्णय लेने की है। ऐसे में भारत की अकेली असहमति भी पाकिस्तान की सदस्यता रोक सकती है। मगर ऐसा करते हुए भारत के अलग-थलग पड़ने का अंदेशा है। अभी हाल में इजराइल-फिलस्तीन युद्ध के मुद्दे पर हुई ब्रिक्स की ऑनलाइन शिखर बैठक में भारत का ऐसा अलगाव साफ नजर आया। उसके बाद कुछ टिप्पणियों कहा गया कि भारत ब्रिक्स प्रक्रिया में अवरोध की तरह दिखने लगा है। जाहिर है, ऐसा कहने वाले लोग इसकी वजह अमेरिका के साथ भारत की बनी रणनीतिक निकटता में ढूंढते हैं। बेशक की सदस्यता अर्जी देते वक्त पाकिस्तान ने इन तमाम समीकरणों का आकलन किया होगा। चीन का हाथ तो हमेशा ही पाकिस्तान की पीठ पर रहता है। ऐसे ब्रिक्स के पांच मूल सदस्यों में से तीन का झुकाव इस समय पाकिस्तान के पक्ष में दिख रहा है। उधर जो छह नए सदस्य इस समूह में शामिल हुए हैं, उनमें से भी कई का साथ उसे मिल सकता है। उनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र शामिल हैं। इथियोपिया को भी इस पर कोई एतराज होगा, इसकी संभावना नहीं है। वैसे एतराज शायद ब्राजील और ईरान को भी नहीं हो। इसीलिए यह सवाल गंभीर है कि इस हाल में भारत का क्या रुख होगा? ब्रिक्स में परंपरा आम सहमति से निर्णय लेने की है। ऐसे में भारत की अकेली असहमति भी पाकिस्तान की सदस्यता रोक सकती है। मगर ऐसा करते हुए भारत के अलग-थलग पड़ने का अंदेशा है।हाल में पाकिस्तान ने दूसरे देशों में खालिस्तानी और कश्मीरी अलगाववादियों की जान को भारत से खतरा का हौव्वा खूब खड़ा किया है। उसने इस बारे में डोजियर तैयार किया है। अनुमान लगाया जा सकता है कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के एतराज को कमजोर करने की उसकी यह एक चाल है। इससे भारतीय विदेश नीति की चुनौतियां बढ़ी हैं।

### नीट और नेक्स्ट के विरोध में आंदोलन

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन मेडिकल में दाखिले के लिए होने वाली अखिल भारतीय परीक्षा नीट का विरोध लंबे समय से कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा से इसका प्रस्ताव पास कराया है। इस मामले में राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी अन्ना डीएमके भी उनके साथ है। लगभग सभी पार्टियां चाहती हैं कि तमिलनाडु को नीट से बाहर किया जाए। ध्यान रहे तमिलनाडु में मेडिकल की पढ़ाई का बहुत अच्छा बुनियादी ढांचा है और वहां पहले 12वीं के अंकों के आधार पर मेडिकल में दाखिला होता था। वहां के बच्चों को मेडिकल पढ़ने के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना होता था। लेकिन नीट लागू होने के बाद सब कुछ बदल गया है और इसका नतीजा यह हुआ है कि हर बार नीट के नतीजों के समय राज्य में छात्रों की खुदकुशी की खबरें आती हैं। स्टालिन ने कहा है कि नीट को हटाने के लिए आंदोलन की बात कही है। उन्होंने कहा है कि वे जनता का साथ लेकर परीक्ष की इस व्यवस्था को खत्म कराएंगे। इसी तरह उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई के बाद प्रैक्टिस शुरू करने से पहले होने वाले एक्जिट टेस्ट यानी नेक्स्ट का भी विरोध करने का फैसला किया है। कई जानकार भी इस व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं लेकिन मेडिकल, कानून आदि की पढ़ाई के बाद प्रैक्टिस शुरू करने से पहले एक्जिट टेस्ट की शुरुआत पूरे देश में हो गई है। इसे भी स्टालिन ने जनता को साथ लेकर खत्म करने का ऐलान किया है। माना जा रहा है कि इस मुद्दे पर वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे ताकि केंद्र में सरकार बना कर इसे बदला जा सके।

# बिहार में लागू 75 प्रतिशत आरक्षण,अब पूरे देश में इसकी होगी होड़

**अजीत द्विवेदी**

बिहार में आरक्षण की सीमा बढ़ाने का कानून लागू हो गया है। छत्तीसगढ़ और झारखंड से उलट बिहार में राज्यपाल ने आरक्षण बढ़ाने के लिए विधानसभा से पास किए गए कानून को मंजूरी दे दी है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 18 नवंबर को शिक्षण संस्थाओं और सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा बढ़ाने के दो विधेयकों को मंजूरी दी और राज्य सरकार ने 21 नवंबर को इसकी गजट अधिसूचना जारी करके इसे लागू करने का ऐलान कर दिया। इस कानून के लागू होने के बाद बिहार में आरक्षण की सीमा 75 फीसदी हो गई है। इसमें 65 फीसदी आरक्षण अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति और अत्यंत पिछड़ी जातियों का है और 10 फीसदी आरक्षण आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण जातियों के लिए है, जिसे संविधान में एक संशोधन के जरिए केंद्र सरकार ने लागू किया है। राज्य सरकार ने 10 फीसदी ईडब्लुएस आरक्षण को जस का तस रखा है। बिहार सरकार ने आरक्षण में 15 फीसदी का इजाफा करते हुए एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी के आरक्षण को 50 से बढ़ा कर 65 फीसदी कर दिया है। इसमें पिछड़ी जातियों का आरक्षण 12 से बढ़ा कर 18 फीसदी, अत्यंत पिछड़ी जातियों का आरक्षण 18 से बढ़ा कर 25 फीसदी, एससी का 19 से बढ़ा कर 20 और एसटी का एक से बढ़ा कर दो फीसदी किया गया है। आरक्षण की सीमा बढ़ाने से पहले राज्य सरकार ने सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण कराया, जिसे आम बोलचाल की भाषा में जाति गणना कहा गया। हाई कोर्ट की ओर से लगाई गई रोक हटाए जाने के बाद राज्य सरकार ने गणना का काम पूरा कराया और दो चरणों में उसके आंकड़े पेश किए। पहले दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के दिन जातियों के आंकड़े जारी किए और फिर सात नवंबर को शीतकालीन सत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास के आंकड़े पेश किए। इसके दो दिन बाद नौ नवंबर को आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव दोनों सदनों से पास कराया। जाति गणना के आंकड़ों के मुताबिक बिहार में सबसे ज्यादा 36 फीसदी आबादी अत्यंत पिछड़ी जातियों की है। उसके बाद 27 फीसदी पिछड़ी जातियों की आबादी है। अनुसूचित जाति की आबादी करीब 20 फीसदी और अनुसूचित जनजाति की आबादी एक फीसदी है। हिंदू और मुस्लिम दोनों की सवर्ण आबादी 15 फीसदी से कुछ ज्यादा है। आरक्षण बढ़ा कर राज्य सरकार ने 27 फीसदी पिछड़ों के लिए 18 फीसदी और 36 फीसदी अत्यंत पिछड़ों के लिए 25 फीसदी आरक्षण कर दिया है। अनुसूचित जाति को उसकी आबादी के बराबर यानी 20 फीसदी आरक्षण दिया है तो अनुसूचित जनजाति को उसकी आबादी का दोगुना यानी दो फीसदी आरक्षण दिया है। आरक्षण बढ़ाने के लिए पास किए गए दोनों विधेयकों में इस बात का जिक्र किया गया है कि राज्य की आबादी के साढ़े 15 फीसदी सवर्णों के लिए 10 फीसदी ईडब्लुएस का आरक्षण लागू है। बिल में यह भी साफ किया गया है कि सवर्णों की आबादी और उनको मिले आरक्षण का अनुपात 64.5 फीसदी बनता है। यानी उनको आबादी के अनुपात में बहुत ज्यादा आरक्षण मिला हुआ है। आरक्षण की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन भाजपा ने भी किया था और इसलिए राज्यपाल को मंजूरी देने में दिक्कत नहीं हुई। मंजूरी मिलने और कानून बनने के बाद अब राज्य सरकार चाहती है कि इसे संविधान की नौवीं अनुसूची में डाला जाए ताकि इसे कानूनी चुनौती नहीं दी जा सके। लेकिन फिलहाल ऐसा नहीं होगा। इसे कानूनी चुनौती मिलेगी। बिहार में आरक्षण बढ़ाए जाने का कानून बनने के बाद अब पूरे देश में इसकी होड़ बढ़ेगी। भाजपा विरोधी पार्टियों की राज्य सरकारें अपने राज्य में आरक्षण बढ़ाने का प्रयास शुरू करेंगी। चूंकि बिहार में राज्यपाल ने विधानसभा से पास विधेयकों को मंजूरी दे दी है इसलिए दूसरे राज्यों में राज्यपालो के लिए इसे रोकना मुश्किल होगा। इसकी शुरुआत झारखंड और छत्तीसगढ़ से हो सकती है, जहां पहले से आरक्षण बढ़ाने का बिल पास किया हुआ है। झारखंड सरकार ने पिछड़ी जातियों का आरक्षण 14 फीसदी से बढ़ा कर 27 फीसदी, अनुसूचित जाति का आरक्षण 10 से बढ़ा कर 12 और अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 26 से बढ़ा कर 28 फीसदी करने का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराया था। इस बढ़ोतरी के बाद इन तीन समूहों का आरक्षण 50 से बढ़ कर 67 फीसदी हो गया था। इसमें ईडब्लुएस का 10 फीसदी आरक्षण जोड़ने पर आरक्षण की कुल सीमा 77 फीसदी पहुंच गई थी। लेकिन राज्यपाल ने अटॉर्नी जनरल की सलाह पर इस साल अप्रैल में विधेयक को मंजूरी नहीं दी और उसे वापस लौटा दिया था। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी राज्य सरकार ने आरक्षण बढ़ाने का विधेयक पास कराया था। छत्तीसगढ़ में सरकार ने पिछड़ी जातियों का आरक्षण 14 से बढ़ा कर 27 फीसदी और अनुसूचित जाति का आरक्षण 12 से बढ़ा कर 13 फीसदी करने का ऐलान किया था। सरकार ने अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 32 फीसदी रहने दिया था और गरीब सवर्ण यानी ईडब्लुएस का आरक्षण घटा कर चार फीसदी कर दिया था। इस तरह राज्य में आरक्षण की कुल सीमा 76 फीसदी पहुंच गई थी। लेकिन वहां भी राज्यपाल ने विधेयक को मंजूरी नहीं दी है। इसलिए अभी 58 फीसदी आरक्षण लागू है। देश में ओबीसी, एससी और एसटी के लिए सर्वाधिक आरक्षण तमिलनाडु में है। नब्बे के दशक के शुरुआती दिनों में जब राज्य में जयललिता की सरकार थी उस समय तमिलनाडु में आरक्षण 69 फीसदी किया गया था और केंद्र की पीवी नरसिंह राव सरकार ने उस कानून को नौवीं अनुसूची में डाल दिया था। जिससे उसे कानूनी चुनौती नहीं दी जा सकी। इसी तर्ज पर बिहार सरकार भी आरक्षण बढ़ाने के कानून को नौवीं अनुसूची में डालना चाहती है। बहरहाल, बिहार में कानून को मंजूरी मिलने के बाद अब झारखंड और छत्तीसगढ़ में कानून को रोकना मुश्किल होगा। ज्यादा से ज्यादा यह हो सकता है कि नए सिरे से बिल पास करा कर उसे राज्यपाल के पास भेजने से पहले राज्य सरकारों को अलग अलग जातीय समूहों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का आंकड़ा जुटाना पड़े।

# घोषणापत्रों से गायब है भ्रष्टाचार का मुद्दा

**योगेंद्र योगी**

विपक्षी दल दुर्भावना से कार्रवाई का आरोप लगाने तक सीमित हैं। भ्रष्टाचार से निपटने का उपाय कोई राजनीतिक दल नहीं देता। इसके अलावा कांग्रेस और विपक्षी दल चुनावी राज्यों में भी यह नहीं बता रहे हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में उनकी नीति क्या रहेगी। इस मुद्दे को चुनावी घोषणा पत्र में शामिल नहीं किया। यह निश्चित है कि जब तक गैर भाजपा दल भ्रष्टाचार को लेकर कोई सार्वजनिक नीति बनाकर कार्रवाई की दृढ़ता नहीं दिखाएंगे, तब तक शक की सुई उनकी तरफघूमती रहेगी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा वायदों की लोकलुभावन घोषणाओं के बीच से भ्रष्टाचार का मुद्दा गायब है। विशेषकर गैर भाजपा दलों ने भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाना जरूरी नहीं समझा। किसी भी विपक्षी दल ने चुनावी घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार मिटाने का जिक्र तक नहीं किया, जबकि भाजपा सरेआम भ्रष्टाचार के मामलों में विपक्षी दलों के नेताओं पर निशाना साध रही है। विपक्षी दल भाजपा के खिलाफ बदनीयती से ईडी और सीबीआई की कार्रवाई के जरिए चुनावी फायदे का आरोप लगा रहे हैं, किन्तु यह नहीं बता रहे कि भ्रष्टाचार आखिर खत्म कैसा होगा। नेशनल हैराल्ड के मामले में सोनिया गांधी और खडगे के खिलाफकार्रवाई के मामले में कांग्रेस ने भाजपा पर ईडी और सीबीआई से डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। चुनावी सभाओं में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अडानी-अंबानी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मिलीभगत का आरोप लगा रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि राहुल गांधी सहित कांग्रेस और किसी भी विपक्षी दल के नेता ने अभी तक इन आरोपों को कोर्ट में चुनौती नहीं दी। गौरतलब है कि जनहित रिट याचिकाओं के जरिए पूर्व में भ्रष्टाचार के मामलों में अदालतों ने कई बड़े निर्णय दिए हैं। फ्रांस से लिए युद्धक विमान राफेल में भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में मामला




दायर किया था। इसी तरह विपक्षी दलों ने संयुक्त रूप से प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो के खिलाफ दुर्भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इन दोनों मामलों में विपक्षी दलों को भाजपा के खिलाफ कोई सफलता नहीं मिल सकी। ईडी ने पिछले 9 साल में 5000 केस फाइल किए। इनमें से 95 प्रतिशत केस विरोधी दलों के नेताओं और उनके रिश्तेदारों के खिलाफहैं। सवाल यही उठता है कि देश के प्रधानमंत्री पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी उद्योगपतियों से मिलकर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं। चुनावी सभाओं में राहुल गांधी ने इसे प्रमुख मुद्दा बनाया हुआ है। इसके बावजूद राहुल गांधी या कांग्रेस इस मुद्दे पर अदालत के जरिए कानूनी कार्रवाई से कतरा रहे हैं। इससे यही साबित होता है कि ये आरोप सिर्फ चुनावी फायदे के लिए लगाए जा रहे हैं। इसके विपरीत ईडी और सीबीआई की कार्रवाई विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ लगातार जारी है। दिल्ली में शराब घोटाले के केस में केजरीवाल की पार्टी के तीन बड़े नेता पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार के मामलों में लगातार विपक्षी दलों पर हमला कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सभाओं में घोटालों की बात की, भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, फिर कहा कि जनता का पैसा खाने वालों को लूट का माल भी लौटाना पड़ेगा और जेल भी जाना पड़ेगा। शराब घोटाले के केस में अरविंद केजरीवाल ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। उन्होंने ईडी के समन को मानने से इनकार कर दिया। ईडी के नोटिस को केजरीवाल ने राजनीति से प्रेरित बताया। छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक रैली को संबोधित करते हुए नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोई कितना भी ताकतवर हो, कितने भी बड़े पद पर हो, कितना भी बड़ा नेता हो, अगर भ्रष्टाचार किया है, अगर जनता का पैसा खाया है, तो लूट का माल लौटाना ही पड़ेगा, जेल जाना ही पड़ेगा। मोदी ने सीधे-सीधे न केजरीवाल का नाम लिया, न शराब घोटाले की बात की। पांच राज्यों के चुनाव के दौरान केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई जारी है। प्रवर्तन निदेशालय ने महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रह चुके शिवसेना (यूबीटी) नेता रवींद्र वायकर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला वायकर, उनकी पत्नी और अन्य लोगों के खिलाफदर्ज किया गया है। वायकर व उनके परिवार पर आरोप है कि वो बीएमसी के नियमों की अनदेखी कर मुंबई के जोगेश्वरी में एक लग्जरी होटल बनाने वाले थे। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलगु देशम पार्टी के मुखिया चंद्रबाबू नायडू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि कथित कौशल विकास निगम घोटाला मामले में चंद्रबाबू नायडू को सीआईडी और पुलिस ने गिरफ्तार किया था। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। संजय सिंह की गिरफ्तारी के अगले ही दिन, गुरुवार को ईडी और आईटी ने चार राज्यों में छापेमारी की है। ईडी ने नगरपालिका भर्ती घोटाले के मामले में पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री रथिन घोष के यहां छापेमारी की। वहीं आईटी ने चेन्नई में डीएमके सांसद के यहां रेड डाली। इसके अलावा तेलंगाना में बीआरएस विधायक और कर्नाटक के शिवमोगा में डीसीसी बैंक के चेयरमैन के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार के मंत्री रथिन घोष के आवास पर ईडी ने छापेमारी की है। यह कार्रवाई नगरपालिका भर्ती घोटाले में भागीदारी होने को लेकर की गई है। रथिन के कोलकाता आवास समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की गई है। रथिन घोष ममता सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री के पद पर हैं। तमिलनाडु में डीएमके सांसद एस. जगतरक्षकन के भवन पर आयकर विभाग ने 40 से ज्यादा स्थानों पर दबिश दी। आईटी की ओर से एकॉर्ड डिस्टिलर्स एंड ब्रूअर्स प्राइवेट लिमिटेड पर भी छापेमारी की। इसी तरह तेलंगाना में बीआरएस विधायक मगंती गोपीनाथ से संबंधित ठिकानों पर छापेमारी की गई। आईटी अधिकारियों के दलों ने कुकटपल्ली में उनके आवास और कार्यालयों के साथ हैदराबाद के विभिन्न हिस्सों में तलाशी ली। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सबसे करीबी रहे वरिष्ठ आईपीएस ऑफिसर बीएल सोनी ने बड़ा खुलासा किया।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर, शनिवार 02 दिसम्बर 2023
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com


## स्वयंभू- स्तोत्र-02 : बुद्धु नहीं बुद्ध बनो : मुनिश्री संधानसागर जी महाराज


**एलोरा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा कि प्रभु तो प्रबुद्ध थे, बुद्ध थे हम बुद्धु हैं क्योंकि जान बुझकर भी अंधे बने हुए हैं। जान बुझकर अंधे बने हैं, आंख पर बांधी पाटी, जिया जग धोखे की टाटी, पूज्यवर ने कहा कि हेय-उपादेय को जाने बिना आत्मकल्याण कर ही नहीं सकते। मुनिश्री जी ने कहा कि कौन कहता है? गृहस्थ अवस्था मकड़ी का जाल है, कीचड़ में पैर रखना है , ये बात सही नहीं क्योंकि यदि ऐसा होता तो भगवन् आदिनाथ ही नहीं चौबीसों तीर्थंकर ने उसको गृहस्थ धर्म क्यों कहा। मुनिधर्म एवं गृहस्थ धर्म दोनों का उपदेश दिया। पूज्यवर स्वयंभू स्तोत्र की प्रवचन श्रंखला में श्रोताओं को उपदेश देते हुए कहा हेय-उपादेश का विवेक यदि जागृत हो जाये तो गृहस्थ भी आगे बढ़ जाता है। आदिनाथ भगवान ने षट् कर्म के उपदेश के साथ ही ममत्व त्याग का भी उपदेश दिया। इतना ही नहीं मात्र उपदेश ही नहीं स्वयं ने भी सागर पर्यन्त पृथ्वी का त्याग कर स्वयं भी निकल पड़े, घर छोड़कर। जो मुक्ति के इच्छुक हैं, प्रभु बनना चाहते हैं, जो जितेन्द्रिय है, जो परिषह-उपसर्गों को सहन करने वाले हैं एवं अडिग हैं, वे ही हिम्मत करके विरक्त हो जाते हैं। वे ही अपना कल्याण कर लेते हैं। पूज्य मुनिवर ने अंत में आचार्यश्री जी का हायकू लिया- स्वयं को छोड़, तुम्हे क्यों देखुं तुम, औरों में डूबे। अपने आप को देखो-दूसरों को नहीं। **-विद्यावाणी संकलन**

### गुड़ वास्तव में गुड है: मुनिश्री संधानसागर जी महाराज



संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा जैसे बाथरूम पूर्ण स्वच्छ रखते हो वैसे ही रसोईघर को साफ रखो। ध्यान रखना रसोईघर घर का चिकित्सालय है, आज पूज्यवर ने गुड़ के ऊपर कहा कि गुड़ वास्तव में गुड ही है। शक्कर को मारो टक्कर, गुड़ को अपने खाद्य में विशेष रूप से शामिल करें। थकान दूर करने के लिए गुड़ सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। रक्त की शुद्धि भी इसी गुड़ से होती है। अनेक गुणों का भण्डार है, गुड़ बशर्ते हमें उसकी पहचान हो सके।

## अन्तर्मना उवाच : धन दौलत सिर्फ हमारे रहन-सहन के स्तर को बदल सकती है, लेकिन हमारी नियति, बुद्धि और तकदीर को नहीं : आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** बच्चा जब जन्म लेता है, तो दो मुट्ठी पुण्य की दौलत को लेकर आता है। बच्चे की मुट्ठी को आप कितना ही खुलवाएं, वो बच्चा मुट्ठी खोलता नहीं है। समझदारी इसी में है, जब हम यहाँ से जायें तो दो ट्रक पुण्य, सेवा, सत्कर्म, परोपकार, दया, धर्म, सत्संग की दौलत को अपने साथ लेकर जायें। दो मुट्ठी पुण्य के फल से हमें परिवार मिला, कुछ धन, दौलत, वैभव मिला। उम्र के प्रभाव से वह बढ़ता गया। जमीनें खरीदी, मकान बनवाया, लोगों को काम पर रखा, उनका पेट भरा, कितनों पर हुकूमत की, और कितनों के सामने गिड़गिड़ाया, पर जाते समय दोनों हाथ फैलाकर, उंगलियों को तानकर, बन्द मुट्ठी खोलकर चला गया। मनुष्य जीवन की यही सबसे बड़ी विचित्रता है। इन्सान जो पुण्य की दो मुट्ठी दौलत लेकर आया था, उसे सत्कर्म, सेवा, परोपकार से आजमाया और चल दिए। यही विचित्र परिवर्तन ही संसार का नियम है। इस परिवर्तन से सिर्फ शरीर ही नहीं बदलता बल्कि मन, भाव, सोच, विचार, संकल्प, इच्छायें भी बदलती है। वो बहुत सौभाग्य शाली होते हैं जो इन परिवर्तनों को देखकर, समझ पाते और अपने आप को सम्भाल पाते। क्योंकि जिस प्रकार जमीन के नीचे पानी और पत्थर में परमात्मा की छवि छुपी होती है, उसी तरह हर आत्मा में परमात्मारूपी बनने की ज्योति छिपी होती है। जिस तरह पानी निकालने के लिये गड्ढा खोदना पड़ता है और पत्थर में प्रतिमा के दर्शन के लिये तरसना पड़ता है। उसी तरह आत्मा में बैठे परमात्मा के दर्शन के लिये, मनुष्य को तप, त्याग, संयम और साधना से गुजरना पड़ता है। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## संक्षिप्त समाचार

### विंक रिवाइंड फेवरेट म्यूजिक संगीत प्रेमियों के लिए चहेता बनकर उभरा


**रायपुर ( विश्व परिवार )।** डाउनलोड्स और डेली एक्टिव यूजर्स के लिहाज से भारत के नंबर-1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप, विंक म्यूजिक ने आज अपना विंक रीवाइंड 2023 जारी किया है। इसमें भारतीय संगीत की दुनिया में इस साल के टॉप कलाकारों, एल्बम्स और गानों की घोषणा की गई है। विंक रीवाइंड 2023 एक साल विशेष के दौरान विंक म्यूजिक पर चलने वाले टॉप कलाकारों, एल्बम्स, गानों और प्लेलिस्ट्स की तुलना करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एल्गोरिदम के प्रभाव से यह यूजर्स के संगीत सुनने के पैटर्न के बारे में बताता है और विंक यूजर्स के लिये ऐप पर निजी अनुभव की पेशकश करता है। इसमें वह ट्रेड्ज दिये जाते हैं, जो स्ट्रीम हुए कुल मिनटों, चहेते गानों और कलाकारों को सुनने के पैटर्न्स की की झलक देते हैं। इन सभी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा सकता है। एयरटेल में डिजिटल प्रोडक्ट्स एण्ड सर्विसेस के हेड अभिषेक बिस्वाल ने कहा विंक में हम हमेशा अपने अनुभव को दिलचस्प तरीके से खोजने की कोशिश करते हैं।

### एड्स दिवस के अवसर पर कुनकुरी में निकाली गई जागरूकता रैली




**जशपुर ( विश्व परिवार )।** लोयला महाविद्यालय कुनकुरी के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा एड्स दिवस पर जागरूकता रैली कुनकुरी नगर में निकाली गई। इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के पदेन अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ऑस्कर एस. तिर्की ने एड्स के फैलाव व उनके रोकथाम पर ज्ञानवर्धक संबोधन दिए। रैली व कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.किशोर मिंज के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। सहायक कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक दीपक खेस,डॉ.अनुज एक्का,डॉ.दीनानाथ ,फादर अलेक्स, सरजू लकड़ा एवं सहायक प्राध्यापक बी.के पाठक एवं क्रीड़ा अधिकारी अल्बिनुस लकड़ा की सहभागिता रही।

### पुलिस कर्मी सहायक उपनिरीक्षक प्रताप सिंह सिदार हुए सेवानिवृत्त



**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** जिले के एसडीओपी कार्यालय पत्थलगांव में पदस्थ रहे सहायक उप-निरीक्षक प्रताप नारायण सिंह सिदार 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर अपने पद से सेवानिवृत्त हुये। सेवानिवृत्त होने परआज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय जशपुर के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त हुये सहायक उप-निरीक्षक प्रताप नारायण सिंह सिदार को ससम्मान शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदाय कर उनके उज्जवल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी के परिजन एवं कार्यालयीन स्टॉफ भी उपस्थित रहे।

### एन.माही फिल्म प्रोडक्शन की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी फिल्म गुइयां 8 दिसम्बर से सिनेमाघरों में

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** निर्माता मोहित साहू एन.माही प्रोडक्शन की बहुचर्चित-बहुप्रतीक्षित फिल्म गुइयां छत्तीसगढ़ के मशहुर निर्देशक मनीष मानिकपुरी द्वारा निर्मित छत्तीसगढ़ फिल्म, दिनांक 8 दिसम्बर दिन शुक्रवार को प्रदेश भर के सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित होने जा रही है। जिसके लीड रोल में छत्तीसगढ़ के मशहुर यू-ट्यूबर अमलेश नागेश हैं। निर्माता मोहित साहू ने बताया कि फिल्म की कहानी अमलेश नागेश ने ही लिखा है। अमलेश के अपोजिट हेमा शुक्ला बतौर अभिनेत्री दिखाई देंगी। फिल्म का संगीत पक्ष अच्छा है। गीतकार नवल दास मानिकपुरी एवं ओमी स्टाइलो है। म्यूजिक नवल दास मानिक पूरी व एडिटिंग गौरांग त्रिवेदी ने किया है। म्यूजिक अरेंजर प्रफुल्ल बेहरा कटक स्टूडियो और रिकार्डिंग नीरज वर्मा का है। अन्य स्टार कास्ट में अजय सहाय, क्रांति दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह, पुरन किरी, नितेश कॉमेडियन आर. मास्टर, दिव्या नागदेव, संगीता निषाद, नीरज उइके, रजत सिंह राजपूत रूपहले पर्दे पर नजर आऐंगे।

## पावागिरि में वार्षिक मेला के तीसरे दिन निकले विमान, वेदी शिलान्यास के कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



**तालबेहट/ललितपुर ( विश्व परिवार )।** वीर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में परम तपस्वी मुनि पदम सागर महाराज के मंगलमय सानिध्य में सुबह अतिशययुक्त चमत्कारी बाबा मूलनायक भगवान पारसनाथ स्वामी का मस्तिकाभिषेक शांतिधारा का आयोजन किया गया। दोपहर की बेला में पं. विनोद कुमार शास्त्री बबीना के निर्देशन में नयाखेड़ा और विरधा के जिनबिम्बों का सम्भोशरण विराजमान करने के लिये वेदी निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुण्यार्जन किया। जल विहार के कार्यक्रम में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें चिंतामणि पारसनाथ स्वामी को विमान में लेकर श्रद्धांलु डी जे बैड की धार्मिक धुनों पर धर्म ध्वजा लेकर नृत्य करते युवा एवं मंगल गीत गाती हुई महिलाएं चल रही थी, शोभायात्रा मन्दिर के मेला प्रांगण से गजरथ वेदी पर पहुंची जहाँ आचार्य विद्यासागर महाराज का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलन अरुण कुमार नयाखेड़ा, ध्वजारोहण अरविन्द भंडारी ने किया। मंगलाचरण गीतू दीदी ने किया। मुनि श्री का पाद प्रचछालन विकास भंडारी एवं शास्त्र भेंट वासुपूज्य जिनालाय समिति ने किया। मंगल आरती उतारी। मुनि पदम सागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में आत्म कल्याण के लिए धर्म की साधना करने को कहा। उन्होंने सम्यक दर्शन के प्रभावना अंग का व्याख्यान करते हुए विमानोत्सव का महत्व बताया। वार्षिक कलशाभिषेक फूलमाल का आयोजन किया गया, जिसमें राजकुमार पवा, शिखरचन्द्र, अशोक कड़ेसरा, आनंद कुमार अक्षत पवा, अरविन्द विरधा, अमित कड़ेसरा ने अभिषेक शांतिधारा की क्रियाएं संपन्न की। दु:ख दर्द निवारण और मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालुओं ने पारसनाथ दरबार में अर्जी लगायी। रात्रि में प्रदीप जैन एंड पार्टी ललितपुर के मधुर संगीत में मंगल आरती, शास्त्र प्रवचन, मां जिनवाणी विद्यासागर दिगम्बर जैन पाठशाला द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निकटवर्ती सकल दिगम्बर जैन समाज एवं क्षेत्र प्रबंध समिति का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन ज्ञानचंद जैन पुरा एवं आभार व्यक्त विशाल जैन पवा ने किया। कोषाध्यक्ष उत्तमचंद जी जैन भड़रा ने बताया आज 2 दिसम्बर को भोंयरे जी के तोरण द्वार का उद्घाटन, त्रिकाल चौबीसी के मूलनायक संकटमोचक मुनिसुव्रतनाथ भगवान का महामस्तिकाभिषेक दोपहर की बेला में क्षेत्र के वार्षिक अधिवेशन उपरांत विमानोत्सव कार्यक्रम में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकलेगी एवं पाण्डुकशिला पर वार्षिक कलशाभिषेक के साथ स्वर्णभद्रादि मुनिराजों का निर्वाण महोत्सव मनाया जायेगा। **-विशाल जैन पवा**

## स्वामी अच्युतानंद गिरि का व्याख्यान में क्रिकेटर विराट कोहली का आध्यात्मिक अनुभव होगी साझा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** क्रिया योग -संतुलित जीवन की कुंजी विषय पर 3 दिसंबर रविवार को चौबे कॉलोनी रायपुर स्थित महाराष्ट्र मण्डल में संध्या 5 से 7 बजे तक सार्वजनिक व्याख्यान का आयोजन होने जा रहा है। जिसके वक्ता स्वामी अच्युतानंद गिरि वायएसएस सन्यासी होगें। इसी किताब ने मशहूर क्रिकेटर विराट कोहली की जिंदगी बदल दी। इसके प्रशंसक न सिर्फ सिने अभिनेता रजनीकांत और स्व स्टीव जॉब्स रहे हैं बल्कि देश विदेश में इस बुक के हजारों प्रशंसक एवं अनुकरण करने वाले हैं। विदित हो कि योगी कथामृत के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद हैं जिन्होंने ध्यान और योग विषय पर अपने विचारों एवं अनुभवों को समेटा है। स्वामी परमहंस योगानंद बीसवीं सदी के एक आध्यात्मिक गुरू, योगी और संत थे। उन्होंने अपने अनुयायियों को क्रिया योग उपदेश दिया तथा पूरे विश्व में उसका प्रचार-प्रसार किया। योगानंद के अनुसार क्रिया योग ईश्वर से साक्षात्कार की एक प्रभावी विधि है, जिसके पालन से अपने जीवन को संवारा और ईश्वर की ओर अग्रसर हुआ जा सकता है। योगानंद प्रथम भारतीय गुरू थे जिन्होंने अपने जीवन के कार्य को पश्चिम में किया।

## बुदनी-बरखेड़ा के मध्य नॉन इंटरलॉकिंग कार्य, कुछ गाड़ियाँ होंगी प्रभावित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मण्डल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर बुदनी-बरखेड़ा (घाट सेक्शन) के मध्य तीसरी लाइन चालू करने के सम्बंध में बुदनी, मिडघाट, चौका एवं बरखेड़ा स्टेशनों पर प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। जिसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ गाडियाँ प्रभावित रहेगी 7 जिसका विवरण नीचे दिया गया है।

**रद्द होने वाली गाड़ियां-** दिनांक 06 एवं 07 दिसम्बर 2023 को निज़ामुद्दीन से चलने वाली 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 08 एवं 09 दिसम्बर 2023 को रायगढ़ से चलने वाली 12409 रायगढ़- निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 06, 07 एवं 08 दिसम्बर 2023 को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।08, 09 एवं 10 दिसम्बर 2023 को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसरङ्क बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 06 से 08 दिसम्बर 2023 तक बिलासपुर से चलने वाली 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

## शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महा. में 75वॉ एनसीसी दिवस मनाया गया

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** दिनांक 26.11.2023 दिन शनिवार को शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 75 वॉ एनसीसी दिवस का कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ए.आर.सी. जेम्स तथा एनसीसी केयर टेकर श्री जयंत मिंज के नेतृत्व में एनएनसी कैडेट्स द्वारा हर्षाउल्लश के साथ एनसीसी दिवस मनाया गया। एनएनसी कैडेट्स द्वारा पुनित सागर अभियान, यातायात सुरक्षा अधिनियम तथा महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम व ड्रिल प्रतियोगिता का कार्य पूर्ण किया गया। 500 चॉदनी पटेल, एसजीटी तनु वर्मा व लाखेश्वर पटेल तथा एनसीसी कैडेट्स में कुल 26 एस.डी. व 22 एस.डब्लू. कैडेट्स ने उत्साह व जोश के साथ 75वॉ एनसीसी दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

**पत्र क्र./7196/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2023**
**रायपुर, दिनांक 30-11-2023**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 7196**
**वार्ड का नाम- 11-कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330C00260** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MESSRS BANSAL TEA TREDARS, SHRI RAMESH BANSAL,SMT.RITA BANSAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. RAM NARAYAN BANSAL, PAWAN BANSAL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **आशीष कुमार मित्तल( श्रेयांश वार्टर एलएलपी )** पिता/पति, श्री/श्रीमती **जगदीश कुमार मित्तल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री लोकेश चंद्रवंशी**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-3**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

**पत्र क्र./7250/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2023**
**रायपुर, दिनांक 30-11-2023**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 7250**
**वार्ड का नाम-30-शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 30 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331C00325** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANAND RAO BAGODE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BABULAL** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **KANTI DEVI BAGADE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LATE ANAND RAO BAGADE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमती पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री लोकेश चंद्रवंशी**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-3**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

**पत्र क्र./6735/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2023**
**रायपुर, दिनांक 24-10-2023**

### इश्तिहार

**नामांतरण प्र.क्र. 6735**
**वार्ड का नाम-2-पं.जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K00429** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NIKITA SHREYASI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NIKHILESH KUMAR** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **JAGESHWAR KUMAR VISHWAKARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARI VISHWAKARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## देशभर के पुरातत्व सर्किल में विश्व धरोहर सप्ताह के कार्यक्रम सम्पन्न




**जबलपुर ( विश्व परिवार )।** विश्व धरोहर सप्ताह के समापन अवसर पर 25 नवंबर को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अखिल भारतीय संगोष्ठी का आयोजन संयुक्त रूप से श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षणी महासभा एवं निर्ग्रंथ सेंटर आफ आर्कियोलॉजी के तत्वाधान में संपन्न किया गया। जिसका विषय था हेरिटेज एंड क्लाइमेट चेंज (विरासत एवं जलवायु परिवर्तन)।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजकुमार जी सेठी महामंत्री एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री धर्मचंद जी पहाड़िया, जयपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंगलाचरण श्रीमती नीलांजना निशित जैन जबलपुर द्वारा किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन रायपुर से महासभा के उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद जी रारा द्वारा किया गया। आपके द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया था।

स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की भूमिका के संबंध में निर्ग्रंथ सेंटर आफ आर्कियोलॉजी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ यतीश जैन, जबलपुर द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह की उपादेयता एवं विश्व धरोहर साप्ताहिक कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डॉ. यतीश जैन, जबलपुर द्वारा निर्ग्रंथ सेंटर आफ आर्कियोलॉजी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई के कार्य एवं उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई एवं बताया गया कि जिस तरह से आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के द्वारा देश भर के 36 सर्किल में उनके कार्यालय कार्यरत हैं। इसी प्रकार निर्ग्रंथ सेंटर ने भी उनके ही समान सभी 36 सर्किल मुख्यालय पर पुरातत्व संयोजक नियुक्त किए गए हैं। पुरातत्व के प्रति जन जागरण एवं संरक्षण संबंधी कार्यों को गति दी जा रही है। डॉ. जैन द्वारा बताया कि देशभर से अभी तक प्राप्त जानकारी अनुसार विविध साप्ताहिक कार्यक्रम में क्षेत्रवार सर्किल मुख्यालय में निम्न स्थानों में कार्यक्रम संपन्न हुए। उत्तर क्षेत्र के अंतर्गत शिमला, लखनऊ, सारनाथ एवं मेरठ में कार्यक्रम संपन्न हुए। इसी प्रकार पूर्व क्षेत्र में कोलकाता, आइजोल, पटना, रांची में कार्यक्रम हुए। पश्चिम क्षेत्र के अंतर्गत औरंगाबाद, गोवा, जयपुर एवं जोधपुर में कार्यक्रम हुआ। दक्षिण क्षेत्र में बेंगलुरु एवं चेन्नई सर्कल में कार्यक्रम संपन्न हुए। इसी प्रकार मध्य क्षेत्र के अंतर्गत भोपाल, जबलपुर एवं रायपुर में केंद्र के कार्यक्रम संपन्न हुए। सर्किल मुख्यालय के अतिरिक्त पुणे, पुरुलिया, भोजपुर, सागर आदि स्थानों में कार्यक्रम संपन्न हुए। डॉ जैन ने बताया वर्तमान में भारतवर्ष में मात्र 42 विश्व धरोहर है जिसे यूनेस्को द्वारा मान्यता दी गई है। जिसमें 34 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित है। प्राविधिक (टेंटेटिव) सूची में 50 अन्य धरोहरों की सूची यूनेस्को द्वारा तैयार की गई है लेकिन भारत जैसे विशाल भूभाग और प्राचीन सभ्यता के कारण इनकी संख्या अत्यंत कम है। अधिक से अधिक धरोहरों को यूनेस्को की सूची में शामिल करने की आवश्यकता है। सभी से अपील की गई कि प्रत्येक सर्किल से एक-एक पुरातात्विक महत्व के तीर्थ स्थल, मंदिर, सांस्कृतिक महत्व के स्थलों की जानकारी एकत्रित कर लखनऊ कार्यालय को प्रेषित करें। श्रवण बेलगोला (कर्नाटक) के बाहुबली भगवान, उड़ीसा की उदयगिरि खंडगिरि की गुफाएं, ग्वालियर का गोपाचल पर्वत, मथुरा का कंकाली टीला, सूर्य पहाड़ (असम), बिलहरी (कटनी), मूडबद्री (कर्नाटक) जैसे अनेक स्थान है जिन्हें विश्व धरोहरों की सूची में शामिल किया जा सकता है। जिस तरह से बौद्ध संस्थाओं को केंद्र सरकार द्वारा अनुदान दिया जाता है इसी प्रकार जैन संस्थाओं द्वारा संचालित संस्थान एवं संग्रहालय को भी केंद्रीय फंड का प्रावधान हो, इसके लिए प्रयास करना चाहिए।

औरंगाबाद से महासभा के महामंत्री श्री महावीर दीपचंद खोले जी द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह में किए गए कार्यक्रमों की जानकारी दी गई एवं सुझाव दिए गए की पुरातत्व संबंधी कानून की सभी को जानकारी रहे इससे संबंधित पंपलेट, पुस्तिका का प्रकाशन एवं जैन धरोहर से संबंधित पोस्टर तैयार करना, जिसे प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया जा सके। औरंगाबाद के अध्यक्ष वर्धमान पांडे जी द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

गोवा से देवेंद्र बाकलीवाल जी द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम का बुरा दिया गया एवं बताया गया कि पुरातत्व वैभव गोवा में भरा पड़ा है एवं इसके लिए पर्याप्त भूमि भी है। इस दिशा में सार्थक प्रयास प्रारंभ कर दिए गए हैं।

डिब्रूगढ़ से आइजोल मिजोरम सर्किल के अमित जैन द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।

लखनऊ से श्री शैलेंद्र जैन द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए एवं एक केंद्रीय समिति के माध्यम से इस दिशा में कार्य किए जाना उचित रहेगा।

भद्रावती आंध्र प्रदेश से श्री पी सी जैन द्वारा की गई गतिविधियों की जानकारी दी गई।

एडवोकेट रमेश जी जैन द्वारा राजस्थान जयपुर में विश्व धरोहर सप्ताह में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई।

दिल्ली से आकाश जैन द्वारा सुझाव दिया गया एवं बताया गया की किस प्रकार से जो पुरातत्व नष्ट हो रहा है उसकी जानकारी संबंधित विभाग को दिया जाना चाहिए।

महासभा के संयुक्त महामंत्री श्री कमल कुमार जी रावंका द्वारा विस्तार से महासभा द्वारा देश भर में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई एवं विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

वरिष्ठ पुरातत्व संयोजिका पुणे से डॉ नीलम जैन द्वारा भी विश्व धरोहर सप्ताह में आयोजित संगोष्ठी एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

महासभा के महामंत्री श्री राजकुमार जी सेठी जी द्वारा निर्गत सेंटर आफ आर्कियोलॉजी के माध्यम से पुरातत्व के प्रति लोगों की रुचि जागृत हो एवं स्वर्गीय निर्मल जी सेठी जी का स्वप्न साकार हो। इस बाबत विस्तार से जानकारी दी गई। केंद्र के उद्देश्य, कार्य एवं विस्तार के संबंध में जानकारी दी गई। देशभर में जहां-जहां पुरातत्व संबंधी सामग्री है उसका विवरण लखनऊ कार्यालय को अवश्य दिया जाए। यह भी बताया गया की देशभर के पुरातत्व विद् से संपर्क कर जहां-जहां जैन पुरातत्व है उनसे जानकारी प्राप्त कर स्थानीय स्तर पर इसका प्रचार प्रसार करें। सभी 36 सर्कल में पुरातत्व संयोजक नियुक्त हो गए हैं अब बाकी के सब सर्कल में भी पुरातत्व संयोजक नियुक्त करना है। देशभर में 18 से 20 स्थान में कार्यक्रम संपन्न हुआ उसके लिए सभी को बधाई एवं आभार व्यक्त किया गया।

आभार प्रदर्शन कमल कुमार जी रावंका जी द्वारा किया गया।

संगोष्ठी का संचालन एवं संयोजन डॉ यतीश जैन, जबलपुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, निर्ग्रंथ सेंटर आफ आर्कियोलॉजी द्वारा किया गया।

**-कैलाश रारा**

## संक्षिप्त समाचार



### नगरपालिका किरन्दुल में 49 .25 प्रतिशत किया गया नल जल समेकित कर का भुगतान

**किरन्दुल।** किरंदुल नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत कर दाताओं ने अब तक 49.25 प्रतिशत नल जल एवं समेकित कर का भुगतान किया है। नगरपालिका राजस्व निरीक्षक डी एस साहू ने जानकारी देते बताया कि चलित वर्ष 2023 24 तक 2 करोड़ 53 लाख 40 हजार रु की मांग थीं जिसमें अब तक 1 करोड़ 24 लाख 89 हजार रु कर दाताओं ने भुगतान किया है।

### विधानसभा आम निर्वाचन 2023 : मतगणना हॉल पर मोबाईल फोन, आई पेड, लैपटॉप, स्मार्टवॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीडी सिगरेट, गुटका ले जाना प्रतिबंधित

**गरियाबंद** / विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत रविवार, 03 दिसम्बर को जिला मुख्यालय गरियाबंद के कृषि उपज मंडी परिसर स्थित मतगणना कक्ष में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों का मतगणना किया जायेगा। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर से आवश्यक दिशा - निर्देश जारी किये गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने बताया कि मतगणना हॉल के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग, केल्कुलेटर प्रदाय किया जायेगा।इसके अलावा मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल पर सीमित सामग्री लेने जाने की अनुमति दी गई है। इनमें कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग - 1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किये गए ईवीएम एवं वीवीपेट की सूची, प्लास्टिक पेन एवं पेंसिल शामिल है। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खान-पान की व्यवस्था के लिए नियुक्त व्यवस्थापक द्वारा भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जायेगा। जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जाएगा। इसी प्रकार मतगणना हॉल के भीतर मोबाईल फोन, आई पेड, लैपटॉप, स्मार्टवॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीडी सिगरेट, गुटका सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री नही ले जा सकते।

### टोल फ्री नंबर 1950 पर कर सकते हैं चुनाव संबंधी शिकायत

**गरियाबंद** / विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत रविवार, 03 दिसम्बर 2023 को मतगणना किया जायेगा। चुनाव आयोग द्वारा मतगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। आयोग का टोल फ्री नंबर 1950 है। इस नंबर पर चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। इसके लिए राज्य व जिला स्तर पर कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है, जिसका टोल फ्री नंबर 1950 है। किसी भी ऑपरेटर कंपनी से इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर पर प्राप्त मतदाताओं की शिकायतों का सुव्यवस्थित और सुनियोजित तरीके से निराकरण किया जायेगा। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन और निर्वाचन से संबंधित कोई भी शिकायत टोल फ्री नंबर पर दर्ज कर सकते हैं।

### प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 3 प्रकरणों में दी गई 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**कोंडागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 3 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। जिसके अनुसार माकड़ी तहसील के बेलगांव निवासी चांदनी की तेज हवा के कारण साल वृक्ष गिरने से उसके चपेट में आने से पैर, पीठ एवं सिर में गंभीर चोट लगने से मृत्यु होने पर माता सियाबती मण्डावी एवं पिता तुलाराम मण्डावी, माकड़ी तहसील के ग्राम तारगांव निवासी सरस्वती नेताम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता आसमती नेताम एवं पिता कुश कुमार, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम खलारी निवासी रामचंद की तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी मनशीला एवं माता भागवती को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाएगी। जिसमें प्रत्येक प्रकरण में चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# विश्व एड्स दिवस मनाकर एचआईवी और एड्स बीमारी के प्रति लोगों को किया गया जागरूक







**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में 1 दिसम्बर 2023 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यमों से लोगों को एड्स और एचआईवी बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं शास. वीर सुरेन्द्रसाय महाविद्यालय गरियाबंद के छात्र-छात्राओं के द्वारा जन-जागरूकता रैली निकाला गया। रैली को डॉ के.सी.उरांव सीएमएचओ, डॉ डी.एन.नाग, सिविल सर्जन, डॉ.अमन हुमने नोडल अधिकारी (एड्स), श्रीमती सोनल ध्रुव, डीपीएम, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। रैली जिला चिकित्सालय से निकल कर शास. वीर सुरेन्द्रसाय महाविद्यालय गरियाबंद तक निकाली गयी। जिसके पश्चात कॉलेज परिसर में एड्स रोग की समस्या एवं समाधान विषय पर संगोष्ठी, स्वास्थ्य परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी,रंगोली,पोस्टर प्रतियोगिता एवं एच.आई.व्ही. जांच एवं ब्लड ग्रुप जॉच कैम्प का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम जिला नोडल अधिकारी के द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि इस वर्ष 2023 का थीम ''समुदाय को नेतृत्व करने दे'' थीम के माध्यम से बताने का प्रयास किया गया कि एच.आई.व्ही. के साथ जी रहे समुदाय को आगे आकर नेतृत्व करने का समान अवसर प्रदान करे। ताकि वे समाज में सामान्य जीवन यापन कर सके। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर लोगों को एच.आई.व्ही एड्स संक्रमण फेलने के कारण जैसे असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त संचरण एवं संक्रमित माता से गर्भस्थ शिशु को होने के खतरे के बारे में जानकारी दी गई। श्रीमती सोनल ध्रुव डीपीएम के द्वारा कार्यक्रम संबोधित करते हुए बताया जानकारी ही बचाव है, सभी अपनी एच.आई.व्ही. की स्थिति जानकारी होना जरूरी है। खास कर गर्भवती महिला को गर्भावस्था में अनिवार्य रूप से जांच कराना चाहिए, ताकि नवजात शिशु को नेवरापिन सिरप का डोज देकर एच.आई.व्ही. संक्रमण से बचाया जा सके। उक्त कार्यक्रम में एच.आई.व्ही. जांच एवं ब्लड ग्रुप जॉच कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 95 छात्र - छात्राओं एवं स्टॉफ का ब्लड ग्रुप एवं एच.आई.व्ही. जांच कराया गया , एवं शिवम कालेज ऑफ नर्सिंग के छात्र -छात्राओं छात्र - छात्राओं द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से एच.आई.व्ही. के रोकथाम हेतु संदेश दिया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी, एड्स विषय पर परिचर्चा एवं भाषण कार्यक्रम, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया गया। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी छात्र -छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार वितरित किया गया। समस्त छात्र छात्राओं ने अति उत्साह से कार्यक्रम में भागीदारी दी। उक्त कार्यक्रम का संचालन विजय गजघाटे के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का सफल बनाने में श्री डॉ. प्रभात रंजन, सहायक प्रध्यापक,डॉ. देवेन्द्र साहू, प्रेमानंद महिलांग सहायक प्राध्यापक, अमृत भोसले, भूपेश साहू भारत ठाकुर, धीरज शर्मा, टीकेश साहू, लालजी साहू, राजरानी साहू, सतरूपा चंद्राकर ,निखिल एवं समस्त कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा।

# भाजपा प्रत्याशी लता उसेंडी का धरना, स्ट्रांग रूम में गड़बड़ी के आरोपों पर उठाया सवाल



**कोण्डागांव (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 की मतगणना के तीन दिन पहले से ही कोलाहल जारी हैं। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और कोंडागांव से प्रत्याशी लता उसेंडी ने आज अपने समर्थकों के साथ मतगणना स्थान के सामने धरना देने का ऐलान किया हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की हैं और उनका आरोप हैं कि, अधिकारियों की देखरेख में कांग्रेस के अभिकर्ता समेत दो-तीन लोग स्ट्रांग रूम में प्रवेश किए हैं। लता उसेंडी ने इस मामले में कार्रवाई के लिए प्रशासन से जगह की मांग की हैं, लेकिन उनका दावा हैं कि, प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ हैं और उनकी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं। उन्होंने बताया कि, मतदान 7 नवंबर को समाप्त होने के बाद से उन्होंने स्ट्रांग रूम की देखरेख के लिए प्रशासन से जगह की मांग की थी, लेकिन उन्हें स्ट्रांग रूम के सामने नहीं जगह दी गई है। उन्होंने कहा, यहां से हम कैसे स्ट्रांग रूम में होने वाली गड़बड़ी को देख सकते हैं। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि, मत पत्रों को ट्रेजरी में रखा गया हैं, जहां कई लोगों का आना-जाना हैं और उन्हें भी स्ट्रांग रूम में रखने के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं। लता उसेंडी ने यह साफ कह दिया हैं कि, जब तक कोई कार्रवाई नहीं होती वह और उनके समर्थक धरने से हटने वाले हैं। इस बयान से साफ होता है कि, चुनाव प्रबंधन में सुरक्षा और न्याय की निगरानी की आवश्यकता हैं।

# विश्रामपुरी में सेवानिवृत्त शिक्षिका को दी गई विदाई



**कोण्डागांव (विश्व परिवार)।** कोंडागांव जिला अंतर्गत माध्यमिक शाला कोडापारा संकुल विश्रामपुरी मे प्रधान अध्यापिका के पद पर पदस्थ रमो देहारी को संकुल परिवार संकुल केन्द्र विश्रामपुरी की ओर से उसके सेवानिवृत्त होने पर संकुल स्तरीय विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू के द्वारा बताया गया कि, रमो देहारी मेम ने 41वर्षो से शिक्षा विभाग में अपना अमूल्य योगदान दिया जिसे शिक्षा विभाग कभी भूल नहीं सकता, बड़ेराजपुर वि.ख.के शिक्षा अधिकारी कंवल सिंह पोया ने भी देहारी मेम के शिक्षा विभाग में अमूल्य योगदान की सराहना की। ज्ञात हो कि, शिक्षिका देहारी 30 जून को माध्यमिक शाला कोडापारा से सेवानिवृत्त हुई जिसे शाला स्तर पर सम्मानित करते हुए विदाई समारोह का आयोजन किया गया व 27 नवंबर को संकुल केन्द्र विश्रामपुरी के समस्त संस्थाओं के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी कंवल सिंह पोया की उपस्थिति में रमो देहारी को शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# महाराष्ट्र के अंत्तर्राज्यीय गांजा तस्कर जीजा साली से 23.410 किग्रा गांजा बरामद



**कोण्डागांव (विश्व परिवार)।** कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन में केशकाल पुलिस के द्वारा लगातार अन्र्तराज्यीय गांजा तस्करो पर कार्यवाही की जा रही थी। 29 नवंबर को केशकाल पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि, बेड़मा बड़े पारा तिराहा नेशनल हाईवे 30 मेनरोड के पास एक पुरूष व एक महिला हरा पीला व नीला रंग के दो ट्राली बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा को बिकी करने हेतु अपने ट्राली बैग मे छुपाकर रखे हैं। जिसकी सूचना पर बेड़मा बड़े पारा तिराहा पर रवाना होकर घेराबंदी कर दोनो संदिग्धो के संयुक्त कब्जे से ट्राली बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 23.410 किलोग्राम गांजा कीमत करीबन 2 लाख 30 हजार रूपये को बरामद कर दोनो आरोपियो के विरूद्व एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया।

# छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ ने मनाया आश्रम के बच्चों के साथ दीपावली मिलन समारोह



**किरंदुल (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के मंशानुरूप प्रदेश के समस्त जिले में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जा रहा हैं। इसी क्रम में बुधवार को दंतेवाड़ा जिला इकाई के द्वारा दीपावली मिलन समारोह सुदूर अंचल में स्थित माता भगवती गायत्री आश्रम चोलनार के बच्चों के साथ मनाया गया।सर्वप्रथम गायत्री पूजन एवम सामूहिक आरती की गई।जिसके बाद आश्रम के 70 बच्चों को जेमिटरी बॉक्स गर्म कपड़े जैकेट वितरण किया गया।जैकेट पाकर बच्चों में खुशी का माहौल था।साथ ही मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।मौके पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, संयोजक राजेंद्र सक्सेना, महासचिव जितेंद्र चौधरी, रामकृष्ण बैरागी,शेखर दत्ता, कुआकोंडा ब्लॉक अध्यक्ष संजीव दास, अनीश परिहार ,गोविंद नाग, असीम पाल,संदीप दीक्षित, हरीश शर्मा,नीलेश पाटले,रवि दुर्गा, किशोर जाल,बी रामू राव, गायत्री ग्रामोत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष डीपी डेहरिया,शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण में मतगणना की प्रक्रिया के हर संशय का समाधान : कलेक्टर

## मतगणना कार्य का दिया गया प्रशिक्षण




**कोण्डागांव (विश्व परिवार)।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना कार्य के लिए मतगणना सहायक, पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में प्रशिक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार नियमों का पालन करते हुए मतगणना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए बारीकियां बताई गई। इस दौरान डाक मत पत्र और इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली (ईटीपीबीएस) से प्राप्त मतों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लिप गणना, मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम और निर्वाचन सामग्रियों को मुहरबंद करने के संबंध में पूरी जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि, मतगणना की प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की संशय होने पर उसका समाधान अवश्य प्राप्त करें, जिससे मतगणना केन्द्र में पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्य संपादित किया जा सके। उन्होंने पूरे अनुशासन के साथ मतगणना कार्य के संपादन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना के प्रत्येक चक्र के उपरांत अभिकताओं द्वारा संतुष्टि जताए जाने पर ही अगले चक्र की गणना प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतगणना के लिए यह अत्यंत आवश्यक है, कि सभी नियमों को भलीभांति ज्ञान हो। उन्होंने मतगणना प्रारंभ करने के पूर्व मौके पर उपस्थित उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकताओं को निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निदेर्शों की जानकारी अनिवार्य रूप से देने को कहा।

**मोबाइल ले जाना पूर्णतः वर्जित :** इस दौरान प्रशिक्षकों ने मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों व मतगणना के दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानी के संबंध में बताया। प्रशिक्षण में बताया गया कि, मतगणना स्थल पर मोबाइल ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। इस दौरान मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों की जानकारी देते हुए उनका शत-प्रतिशत् पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर पुर्नगणना, लाट आदि की प्रक्रियाओं एवं निदेर्शों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बताया कि, दो उम्मीदवारों को बराबर मत प्राप्त होने की स्थिति में लाट निकाला जाएगा। लाट निकालने से पहले निर्वाचन आयोग से अनुमति लेना आवश्यक है। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकताओं और मीडियाकर्मियों को पहचान पत्र जारी किए जाने के संबंध में प्राप्त दिशा-निदेर्शों की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए प्रेक्षकों की भूमिका के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान वन मंडलाधिकारी आरके जांगड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर सहित मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक और माईक्रो आर्ब्जवर उपस्थित रहें।

## व्यापार समाचार




## गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने 36 प्रतिशत कर्मचारियों की छँटनी की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म लोको ने अपने कर्मचारियों की कुल संख्या 110 में से लगभग 36 फीसदी यानी 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने कहा कि उसने कम लागत संरचना पर ध्यान केंद्रित करने के लिए यह निर्णय लिया है। लोको के संस्थापक अनिरुद्ध पंडिता के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, हमने हाल ही में लोको वीआईपी कार्यक्रम लॉन्च किया है, जो एक लेनदेन-आधारित कार्यक्रम है जिसने अच्छा प्रदर्शन किया है। और जब हम अपनी रणनीति की समीक्षा कर रहे थे, तो हमने लेनदेन पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया और सोचा कि यह एक ऐसी संरचना है जो टिकाऊ है। हम मुद्रीकरण जैसे मुख्य उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। इससे लोगों की नौकरियां चली गईं। यह प्रदर्शन-आधारित नहीं है। उन्होंने कहा, हम हमें छोडऩे वाले लोगों की गहराई से परवाह करते हैं और उन्हें वित्तीय सहायता, चल रहे स्वास्थ्य बीमा और विस्थापन सेवाएं प्रदान करेंगे। पुनर्गठन से हमारी टीम के लगभग 40 लोग प्रभावित होंगे और लोको की यात्रा में उनके योगदान के लिए हम उनके आभारी रहेंगे। विपणन और प्रौद्योगिकी जैसे अन्य विभागों के लोग, जो सहभागिता-आधारित पहलों का समर्थन कर रहे थे, सबसे अधिक प्रभावित हुए। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि छंटनी ने वित्त और अन्य टीमों जैसे अन्य विभागों को भी प्रभावित किया है। संस्थापक ने कहा कि कंपनी ने नौकरी से निकाले गए सभी कर्मचारियों को 60 दिन के लिए विच्छेद वेतन प्रदान किया है। उन्होंने आगे कहा कि संगठन द्वारा आगे किसी छंटनी की योजना नहीं बनाई गई है। गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने पिछले साल हैशेड के नेतृत्व में मेकर्स फंड, कैटामारन वेंचर्स और कोरिया इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स की भागीदारी के साथ 330 करोड़ रुपये (4.2 करोड़ डॉलर) का निवेश हासिल किया था।

## आरबीआई ने एचडीएफसी बैंक और बैंक ऑफअमेरिका पर जुर्माना लगाया



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक ने फेमा की धाराओं के माध्यम से प्राप्त शक्तियों के तहत एचडीएफसी बैंक और बैंक ऑफअमेरिका पर जुर्माना लगाया है। एचडीएफसी पर प्रवासियों से जमा स्वीकार करने पर आरबीआई के निर्देशों के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगाया गया है। बैंक ऑफअमेरिका पर फेमा 1999 की उदारीकृत प्रेषण योजना के तहत रिपोर्टिंग आवश्यकताओं पर निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है। दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने दोनों बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसके बाद उन्होंने लिखित जवाब और मौखिक दलीलें भी दीं। प्रत्येक मामले के तथ्यों और दोनों बैंकों के जवाबों पर विचार करने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि उल्लंघन हुआ है और जुर्माना लगाना जरूरी है। हालाँकि, साथ ही, आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य दोनों बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

## आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड्स की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, प्रतिवर्ष 10 .50 प्रतिशत तक का रिटर्न पेश किया

**रायपुर ( एजेंसी )।** भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड्स के अपने पहले पब्लिक इश्यू की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक वृद्धि और पूंजी निर्माण के लिए किया जाएगा। ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। ये इश्यू सोमवार, 4 दिसंबर, 2023 से मिलना शुरू होंगे, और शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 तक मिलेंगे। आईआईएफएल समस्ता आईआईएफएल फाईनेंस का अंग है, जो भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी समूहों में से एक है, जिसके पास 73,066 करोड़ रु. के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस 200 करोड़ रु. के बॉन्ड्स जारी करेगा, और उसके पास 800 करोड़ रु. तक के ओवर-सब्सक्रिप्शन (कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रु.) बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू का विकल्प भी होगा। आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान की फ्रीक्वेंसी हर सीरीज़ के लिए मासिक और वार्षिक आधार पर उपलब्ध होगी। इसकी क्रेडिट रेटिंग क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा क्रिसिल एए-/पॉज़िटिव और एक्विटी रेटिंग्स एंड रिसर्च लिमिटेड द्वारा एक्विटी एए। स्टेबल है, जिससे प्रदर्शित होता है कि ये इंस्ट्रूमेंट अत्यधिक सुरक्षित माने जाते हैं, और बहुत कम क्रेडिट रिस्क के साथ वित्तीय दायित्वों की समय पर सर्विसिंग प्रदान करते हैं। आईआईएफएल समस्ता को इस माह क्रिसिल द्वारा 'स्टेबल' से 'पॉज़िटिव' रेटिंग में अपग्रेड किया गया है। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के एमडी एवं सीईओ, वेंकटेश एन ने कहा, ''आईआईएफएल समस्ता अपनी 1,500 शाखाओं के द्वारा पूरे भारत में मजबूत स्थिति में मौजूद है।

# जूनियर महिला विश्व कप: रोमांचक मुकाबले में भारत जर्मनी से 3-4 से हारा



**सैंटियागो ( एजेंसी )।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने दूसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन एलीट टूर्नामेंट के पिछले संस्करण की उपविजेता जर्मनी से पिछड़ गई जिसने शुक्रवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में 4-3 से जीत दर्ज की। भारत के लिए, अन्नू (11), रोपनी कुमारी (14), और मुमताज खान (24) ने गोल किए, जबकि सोफिया श्वाबे (17), लौरा प्लूथ (21, 36) और कैरोलिन सेडेल (38) ने जर्मनी के लिए गोल किये। भारत ने जल्द ही पासिंग लय में आ गया, शुरुआती क्वार्टर में खेल पर कब्ज़ा जमाकर और लगातार जर्मनी की रक्षात्मक रेखा का परीक्षण करके खेल पर हावी हो गया। उनके शुरुआती प्रयासों के बावजूद, भारत को जर्मनी की मजबूत रक्षा ने विफल कर दिया, जिससे उन्हें क्वार्टर के अंतिम मिनटों तक गोल करने से रोक दिया गया। लगातार दबाव के इस दौर में भारतीय टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और अन्नू (11) ने दूसरे मौके का फायदा उठाते हुए जोरदार शॉट लगाया और आखिरकार अपनी टीम को बढ़त दिला दी। गतिरोध तोडऩे के तुरंत बाद, भारत ने अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया क्योंकि रोपनी कुमारी (14) ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर एक अच्छी तरह से निष्पादित शॉट के साथ नेट हासिल कर लिया। पहले क्वार्टर का समापन भारत की 2-0 की बढ़त के साथ हुआ, जो टीम के लिए एक सफल शुरुआत थी। जर्मनी, स्थिति को मोडऩे के लिए दृढ़ था, नए उत्साह के साथ दूसरे क्वार्टर में पहुंचा। उनके प्रयास सफल रहे क्योंकि सोफिया श्वाबे (17) ने एक प्रभावशाली फील्ड गोल किया, जिससे जर्मनी का घाटा कम हो गया। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, लौरा प्लूथ (21) ने स्कोर बराबर करने के लिए एक शक्तिशाली प्रहार किया। हालाँकि, भारत ने तेजी से जवाब दिया क्योंकि मुमताज खान (24) ने कुशलतापूर्वक गेंद को विपक्षी गोलकीपर के पास डाल दिया, जिससे गति वापस भारत के पक्ष में आ गई और उन्हें फिर से आगे कर दिया क्योंकि वे 3-2 की बढ़त के साथ आधे समय के ब्रेक में गए। अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित भारत ने तीसरे क्वार्टर में गेंद पर कब्ज़ा करने को प्राथमिकता दी, फिर भी जर्मनी स्कोर बराबर करने में सफल रहा। लौरा प्लूथ (36) ने दूसरी बार गोल करके मैच को बराबर कर दिया। उनके पुनरुत्थान से प्रेरित होकर, जर्मनी ने अपने हमलों को तेज कर दिया, पेनल्टी कॉर्नर से कैरोलिन सीडेल (38) के गोल से बढ़त हासिल कर ली। जवाबी कार्रवाई के लिए उत्सुक भारत ने हमलों की आवृत्ति बढ़ा दी। लेकिन, उनके प्रयासों के बावजूद, तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक स्कोर जर्मनी के पक्ष में 4-3 रहा। अंतिम क्वार्टर में दोनों ओर से आक्रामक प्रदर्शन देखने को मिला और जर्मनी अपनी बढ़त बढ़ाने के करीब पहुंच गया। हालाँकि, भारतीय गोलकीपर माधुरी किंडो के आमने-सामने की स्थिति में असाधारण बचाव ने जर्मनी को अपनी बढ़त बढ़ाने का मौका नहीं दिया।

## फिल्स से हार के बावजूद स्ट्राइकर सेमीफाइनल में पहुंचे




**जेद्दाह ( एजेंसी )।** हार के बावजूद, डोमिनिक स्ट्राइकर ने गुरुवार को नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जब उन्होंने यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी में पहले से ही क्वालिफाइड आर्थर फिल्स के खिलाफ जरूरी एक सेट जीत लिया। इससे पहले लुका नारदी ने फ्लेवियो कोबोली को हराया था, 21 वर्षीय स्ट्राइकर जेद्दाह में कोर्ट पर यह जानते हुए उतरे थे कि अगर वह सिर्फ एक सेट जीतेंगे तो वह सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे। स्ट्राइकर ने पहला सेट गंवा दिया लेकिन जवाब देते हुए दूसरा सेट जीत लिया। फ्रेंचमैन फिल्स ने अंतत: एक घंटे और 47 मिनट के बाद 4-2, 3-4(3), 4-2, 4-3(5) से जीत दर्ज की और ग्रीन ग्रुप चरण को 3-0 के बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ समाप्त किया। फिल्स ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मुझे मैच से पहले ही पता था कि मैं क्वालीफाई कर चुका हूं, लेकिन मैं जो भी मैच खेल रहा हूं उसे जीतना चाहता हूं। मुझे लगता है कि मैंने पहले दो दिनों की तुलना में आज थोड़ा अधिक ध्यान केंद्रित किया है क्योंकि मैं इस प्रतिद्वंद्वी को जानता हूं और वह इस साल पहले ही मुझे हरा चुका है। यह एक कठिन मैच था, लेकिन मैं जीतकर वास्तव में खुश हूं और देखते हैं कि सेमीफाइनल में मैं किसे हराता हूं। स्ट्राइकर अब 21 वर्ष से कम उम्र के इवेंट में दो बार सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं, 12 महीने पहले अंतिम चार में पहुंचे थे। नारदी द्वारा कोबोली को हराने के बाद फिल्स ने क्वालीफाई किया।

## नवीनतम फीफा रैंकिंग में अर्जेंटीना शीर्ष पर

**जिनेवा ( एजेंसी )।** फीफा ने गुरुवार को घोषणा की कि तीन बार का विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना नवीनतम फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि इंग्लैंड शीर्ष तीन में पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना 1855.20 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर कायम है, उसके बाद फ्रांस है, जबकि कोलंबिया और अर्जेंटीना से लगातार हार के कारण ब्राजील, जो पहले तीसरे स्थान पर था, पांचवें स्थान पर खिसक गया है। इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर पहुंच गया। नीदरलैंड छठे स्थान पर आ गया है, जबकि पुर्तगाल, स्पेन, इटली और क्रोएशिया शीर्ष दस से बाहर हो गए हैं। नवंबर 2023 में पूरी दुनिया में कुल 188 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए, जिसमें 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका में हुए।



## एसएआईसी मोटर, जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने संयुक्त उद्यम की घोषणा की




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एसएआईसी मोटर और जेएसडब्ल्यू ग्रुप ने एक रणनीतिक संयुक्त उद्यम की घोषणा की। जेएसडब्ल्यू मोटर एक वैश्विक फॉर्च्यून 500 कंपनी है, जिसका वार्षिक राजस्व लगभग 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर है और इसकी उपस्थिति 100 से अधिक देशों में है, जबकि जेएसडब्ल्यू समूह विविध व्यवसायों में 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के राजस्व के साथ भारत के अग्रणी वैश्विक व्यापार समूहों में से एक है। भारत में एमजी मोटर के परिवर्तन और विकास में तेजी लाने के उद्देश्य से लंदन में एमजी यूके मुख्यालय में एसएआईसी के अध्यक्ष वांग जियाओकिउ और जेएसडब्ल्यू समूह के पार्थ जिंदल द्वारा शेयरधारक समझौते और शेयर खरीद और शेयर सदस्यता समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। एसएआईसी मोटर और जेएसडब्ल्यू ग्रुप ऑटोमोबाइल और नई तकनीक के क्षेत्र में संसाधनों को एक साथ लाकर रणनीतिक तालमेल बनाएंगे। संयुक्त उद्यम कई नई पहल भी करेगा जिसमें स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ाना, चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार, उत्पादन क्षमता का विस्तार और हरित गतिशीलता पर ध्यान देने के साथ वाहनों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करना शामिल है। हस्ताक्षरित समझौते के अनुसार, जेएसडब्ल्यू समूह भारतीय संयुक्त उद्यम परिचालन में 35 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगा, जबकि एसएआईसी भारतीय उपभोक्ताओं पर अटूट ध्यान देने के साथ असाधारण गतिशीलता समाधान प्रदान करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और उत्पादों के साथ संयुक्त उद्यम का समर्थन करना जारी रखेगा। बयान में कहा गया है, एसएआईसी मोटर के साथ हमारे रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य हरित गतिशीलता समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में एमजी मोटर संचालन को बढ़ाना और बदलना है। संयुक्त उद्यम नई पीढ़ी के इंटेलिजेंट कनेक्टेड एनईवी और आईसीई वाहनों सहित ऑटोमोबाइल उत्पादों के विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी-सक्षम फ्यूचरिस्टिक सूट लाने का मार्ग प्रशस्त करता है। व्यापक स्थानीयकरण पहल पर जेवी का ध्यान भारतीय उपभोक्ताओं को उच्चतम स्तर की ग्राहक सेवा प्रदान करते हुए पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं के माध्यम से वित्तीय रूप से रचनात्मक तालमेल पैदा करेगा। इस संयुक्त उद्यम का एक प्रमुख फोकस क्षेत्र ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को आगे बढ़ाना और इस क्षेत्र में नेतृत्व की स्थिति लेना होगा। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के पार्थ जिंदल ने कहा, एमजी ब्रांड का समृद्ध इतिहास सभी को पता है और भारत में इसकी सफलता सभी को देखने को मिल रही है और एसएआईसी में एक मजबूत वैश्विक भागीदार के साथ इस ब्रांड और कंपनी को आगे ले जाने में सक्षम होना वास्तव में सम्मान की बात है।

## विंक रीवाइंड पर भारत के 2023 के फेवरेट म्यूजिक लाइव

**रायपुर।** डाउनलोड्स और डेली एक्टिव यूजर्स के लिहाज से भारत के नंबर 1 म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप, विंक म्यूजिक ने आज अपना विंक रीवाइंड 2023 जारी किया है। इसमें भारतीय संगीत की दुनिया में इस साल के टॉप कलाकारों, एल्बम्स और गानों की घोषणा की गई है। विंक रीवाइंड 2023 एक साल विशेष के दौरान विंक म्यूजिक पर चलने वाले टॉप कलाकारों, एल्बम्स, गानों और प्लेलिस्ट्स की तुलना करता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एल्गोरिदम के प्रभाव से यह यूजर्स के संगीत सुनने के पैटर्न के बारे में बताता है और विंक यूजर्स के लिये ऐप पर निजी अनुभव की पेशकश करता है। इसमें वह ट्रेंड्ज़ दिये जाते हैं, जो स्ट्रीम हुए कुल मिनटों, चहेते गानों और कलाकारों को सुनने के पैटर्न्स की की झलक देते हैं। इन सभी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जा सकता है। इस साल के रीवाइंड में खास फीचर्स हैं, जैसे कि म्यूजिकल ज़ोडियाक, जो फैन कंजम्पशन पर आधारित एक रिसीव एक्टिविटी है। इसके द्वारा प्रशंसकों की यह जानने में मदद की जाती है कि वे किसके सुपरफैन हैं। इसके अलावा, विंक के श्रोताओं को एक खास प्लेलिस्ट भी मिलेगी, जिसमें उनके सारे टॉप गाने और उनके चहेते कलाकार का एक खास मैसेज वीडियो भी होगा। एयरटेल में डिजिटल प्रोडक्ट्स एण्ड सर्विसेस के हेड अभिषेक बिस?वाल ने कहा, 'विंक में हम हमेशा अपने प्लेटफॉर्म पर अनुभव को बेहतर बनाने के दिलचस्प तरीके खोजने की कोशिश करते हैं। इसके अनुसार, विंक रीवाइंड एक बेहतरीन पहल है, जो संगीन को पसंद करने और कंजम्पशन के ट्रेंड्ज़ पर ग्राहकों की गहन जानकारियाँ देती है। इससे हमें अपने ऐप पर अनुभव को बेहतर बनाने और अपने ग्राहकों को ज्यादा महत्व प्रदान करने में काफी मदद मिलती है।

# वी ने 23000 से अधिक नोटबुक्स का इस्तेमाल कर दुनिया के सबसे बड़े नोटबुक सेंटेंस के साथ गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया



**लखनऊ ( एजेंसी )।** वर्तमान में चल रहे अपने कैंपेन 'बी समवन्स वी' जिसका उद्देश्य लोगों को प्यार एवं देखभाल का अहसास कराकर बेहतर आज एवं उज्जवल कल का निर्माण करना है, के मद्देनज़र जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने 23071 नोटबुक्स का उपयोग कर दुनिया के सबसे बड़े नोटबुक सेंटेंस के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

इस पहल का आयोजन उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित जानेश्वर मिश्रा पार्क में किया गया, जहां वी के कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, उम्मीद फाउन्डेशन, केयर एजुकेशन ट्रस्ट, आदिज्योति सेवा समिति और बाल शाश्वत फाउन्डेशन से 500 ज़रूरतमंद बच्चां सहित 700 से अधिक लोगों ने एक साथ मिलकर दुनिया का सबसे बड़ा नोटबुक सेंटेंस- 'बी समवन्स वी' बनाया और इसके माध्यम से समावेशन एवं एकजुटता का संदेश दिया। वी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में इस्तेमाल हुई 23071 नोटबुक्स को उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्रालय को दान में देगा। इस गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड को बनाने का मुख्य उद्देश्य इस बात पर रोशनी डालना है कि किस तरह एक नेटवर्क पूरे समुदाय को एकजुट करता है और मानवीय/सामजिक रिश्तों को जोड़ने वाले पुल की तरह काम करता है। इसके अलावा समावेशन एवं एकजुटता की भावना को बढ़ावा देना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी भी वी की इस पहल को समर्थन प्रदान करने के लिए मौजूद रहे। उन्होंने एनजीओ के बच्चों और वी के कर्मचारियों के साथ कुछ समय बिताया और सभी को वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मौजूद अन्य दिग्गजों में श्रीमति बेबी रानी मौर्य, माननीय केबिनेट महिला एवं बाल विकास मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, श्रीमति सुषमा खर्कवाल, माननीय मेयर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश भी मौजूद रहे।

इस उपलब्धि पर उत्साह व्यक्त करते हुए प्रवीण कुमार, ऑपेरशन्स डायरेक्टर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, ''सबसे बड़े नोटबुक सेंटेंस के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड की इस उपलब्धि को हासिल करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। भारत में अकेलापन बढ़ रहा है और इस विश्व रिकॉर्ड के माध्यम से हम देश को यह संदेश देना चाहते हैं कि आपका छोटा सा प्रयास किसी व्यक्ति को यह अहसास करा सकता है कि वह अकेला नही है। कोई है जो उसे प्यार देने और उसकी देखभाल करने के लिए मौजूद है। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड लोगों को एक दूसरे के साथ जोड़कर एकजुटता और समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम है। मैं लखनऊ के बच्चों और लोगों के प्रति आभारी हूं जिन्होंने इस उपलब्धि को संभव करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज हम बच्चों के लिए 'वी' बन गए हैं और दूसरों के लिए भी एकजुटता की इस यात्रा को जारी रखना चाहते हैं।''वर्ल्ड रिकॉर्ड पर बात करते हुए स्वप्निल डंगारिकर, आधिकारिक निर्णायक, गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने कहा, ''यह सबसे बड़ा नोटबुक सेंटेंस बनाने का रिकॉर्ड प्रयास था। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2019 में 7674 नोटबुक्स के साथ बनाया गया, उस समय भी मैं निर्णायक था।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 02 दिसम्बर 2023

## उपराष्ट्रपति 3 दिसंबर को रायपुर, छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे

**रायपुर (विश्व परिवार)।** उपराष्ट्रपति हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर के छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ 03 दिसंबर, 2023 को रायपुर, छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान, श्री धनखड़ हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (HNLU), रायपुर के छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति का छत्तीसगढ़ के राजभवन का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।



## संक्षिप्त समाचार

### सरकार द्वारा देश में गेहूं और आटे की बढ़ती कीमत को संबोधित करने भारत में 57 LMT गेहूं का स्टॉक ई-नीलामी के लिए रखा गया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सरकार द्वारा देश में गेहूं और आटे की बढ़ती कीमत को संबोधित करने के लिए। भारत में, 57 LMT गेहूं का स्टॉक ई-नीलामी के लिए रखा गया है। भारतीय खाद्य निगम, छत्तीसगढ़ क्षेत्र ने 29.11.2023 तक ई-नीलामी में खुली बाजार विक्रय योजना (घरेलू) के तहत 49700 मीट्रिक टन की पेशकश बाजार में की है। दिनांक 29.11.2023 की ई-नीलामी में 22 से अधिक बोलीदाताओं ने भाग लिया और 2900 मीट्रिक टन की मात्रा बेची गई। दिनांक 06.12.2023 की ई-नीलामी के लिए, छत्तीसगढ़ क्षेत्र में, ओएमएसएस (डी) योजना के तहत 3000 मीट्रिक टन गेहूं और 14,000 मीट्रिक टन गैर-एफआरके चावल की पेशकश की जाएगी। प्रोसेसर/आटा मिलर्स/निर्माताओं/गेहूं के अंतिम उपयोगकर्ताओं को दिनांक 06.12.2023 की ई-नीलामी में चावल की बिक्री के लिए गेहूं और व्यापारियों/पैनल में शामिल थोक खरीदारों/चावल उत्पादों के निर्माताओं को भाग लेने की अनुमति है। संभावित बोलीदाताओं को अधिक मात्रा के लिए बोली लगाने में सक्षम बनाने के लिए प्रति ई-नीलामी अधिकतम बोली मात्रा 100 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 200 मीट्रिक टन कर दी गई है। संभावित खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे निविदा दस्तावेज़ को अच्छी तरह से देखें।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 : 90 विधानसभाओं में 30 नवंबर तक सभी श्रेणियों के कुल 103566 डाक मतपत्र प्राप्त

डाक मतपत्रों की संख्यात्मक जानकारी
छ.ग. विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023

| क्र. | विवरण | निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से अंतिम रूप में प्राप्त डाक मतपत्र | 80+ आयुवर्ग एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर अंतिम रूप से प्राप्त किये गए डाक मतपत्र | अनिवार्य सेवा (अनुपस्थित श्रेणी) के पोस्टल वोटिंग सेंटर्स से अंतिम रूप से प्राप्त डाक मतपत्र | सेवा मतदाताओं से दिनांक 30.11.2023 तक डाक विभाग से प्राप्त डाक मतपत्र | कुल प्राप्त डाक मतपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण (वि.स. क्रमांक 71-90) | 17890 | 1582 | 0 | 1805 | 21277 |
| 2 | द्वितीय चरण (वि.स. क्रमांक 01-70) | 73196 | 4461 | 165 | 4467 | 82289 |
| | महायोग (दोनों चरणों को मिलाकर) | 91086 | 6043 | 165 | 6272 | 103566 |

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 30 नवम्बर 2023 तक राज्य में 90 विधानसभाओं में अब तक सभी श्रेणियों के कुल 1,03,566 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी , निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से प्राप्त डाक मतपत्र और अनुपस्थित श्रेणी के 80+, दिव्यांग एवं अनिवार्य सेवा मतदाताओं के प्राप्त डाक मतपत्र सभी शामिल है।

### इनरव्हील क्लब आफ रायपुर ग्रेटर ने विश्व एड्स दिवस पर सेमिनार आयोजित किया




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इनरव्हील क्लब आफ रायपुर ग्रेटर ने 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर अवंती एलिगेंस सद्दू में सेमिनार आयोजित करवाया। जिसमें डॉक्टर सुषमा सिन्हा जी ने एच आई वी और एड्स पर विस्तृत जानकारी दी।संक्रमण के कारण, लक्षण, और उपाय को विस्तार से समझाया। इस सेमिनार से क्लब के सदस्य, सोसाइटी के सदस्यों एवं यहां कार्य करने वाली महिलाओं ने जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के पश्चात जरूरत मंद लोगों को क्लब की ओर से कंबल बाटे गए। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा पुष्पा मालवीय, सेक्रेटरी पूजा अग्रवाल, एवम अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### श्रीमती रीतारानी देवांगन का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पार्थिवी नगर, महोबा बाजार निवासी श्रीमती रीतारानी देवांगन (66 वर्ष) का शुक्रवार 01 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से सुबह 11 बजे महादेव घाट मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे डॉ. गोपाल प्रसाद देवांगन की पत्नी, रवि, आकाश देवांगन एवं कंचन महेश ठाकुर की माता थीं।

# छत्तीसगढ़ में कृषि आधारित स्टार्टअप्स हेतु असीम संभावनाएं : विवेक ढांड

### कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों का जायजा भी लिया

**राज्य नवाचार आयोग के अध्यक्ष ने कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि स्टार्टअप्स कार्यक्रम के उद्यमियों से चर्चा की**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य नवाचार आयोग के अध्यक्ष श्री विवेक ढांड ने आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं रफ्तार एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन योजना के अंतर्गत संचालित कृषि उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत स्थापित नवीन स्टार्टअप्स उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि आधारित व्यवसायों में स्टार्टअप्स स्थापित करने की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कृषि का क्षेत्र काफी वृहद होने के कारण इस पर आधारित अनेक स्टार्टअप्स शुरू किये जा सकते हैं। श्री ढांड ने आई.जी.के.वी.-राबी कार्यक्रम के तहत स्थापित विभिन्न स्टार्टअप्स उद्यमियों के साथ चर्चा कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यां तथा उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्टार्टअप्स और नवाचार के क्षेत्र में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे कार्यां की सराहना की तथा कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल एवं स्टार्टअप्स कार्यक्रम के जुड़े सभी अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री ढांड ने इस अवसर पर कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्टार्टअप्स प्रारंभ करने हेतु राज्य नवाचार आयोग द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न स्टाटअप्स द्वारा तैयार किये जा रहे उत्पादों का भी अवलोकन किया।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कृषि आधारित स्टार्टअप काफी अच्छा कार्य कर रहे हैं और उनसे बहुत से लोगों को रोजगार भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर स्टार्टअप की अपनी एक सफलता की कहानी है जो और लोगों तक पहुंचाई जानी चाहिए ताकि अन्य लोग भी कृषि आधारित स्टार्टअप की स्थापना के लिए आकर्षित हो सकें। डॉ. चंदेल ने कहा कि इन स्टार्टअप के माध्यम से कृषि आधारित 900 से अधिक उत्पाद निर्मित किये जा रहे हैं जिनसे लाखों किसानों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त हो रहा है उन्होंने कृषि छात्रों से आव्हान किया कि वे कृषि आधारित स्टार्टअप्स स्थापित करने के लिए आगे आएं। आई.जी.के.वी. राबी कार्यक्रम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. हुलास पाठक ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत विगत चार वर्षां में 236 स्टार्टअप्स प्रवेशित हुए हैं, जिनमें से 101 स्टार्टअप्स को भारत सरकार की ओर से 10.84 करोड़ का आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है। इनमें से 60 स्टार्टअप्स को अभिनव कार्यक्रम के तहत 5 लाख तक का अनुदान मिला है, जबकि 41 स्टार्टअप्स को उद्भव कार्यक्रम के तहत 25 लाख रूपये तक का अनुदान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इन स्टार्टअप्स के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था में लगभग 50 करोड़ रूपये की भागीदारी की जा रही है।

नवाचार आयोग के अध्यक्ष श्री विवेक ढ़ांड़ ने इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न अनुसंधान कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने उच्च मूल्य फसलों की गुणवत्तायुक्त संरक्षित खेती के तहत उगाई जा रही विभिन्न फसलों का अवलोकन किया। उन्होंने वहां कृषि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्पीड ब्रीडिंग कार्यक्रम का भी जायजा लिया।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने बताया कि स्पीड ब्रीडिंग कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न फसलों की नवीनी प्रजातियां विकसित करने में लगने वाली समयावधि को 10 से 12 वर्ष की बजाय 4 से 5 वर्ष तक कम किया जा सकेगा। विवंक ढांड ने टीश्यू कल्चर लैब में टीश्यू कल्चर तकनीक के माध्यम से निर्मित केला, गन्ना, अदर आदि पौधों का भी अवलोकन किया। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत स्थापित किये जा रहे बायो इन्क्यूबेशन सेन्टर का भी अवलोकन किया।

## प्रधान कार्यालय दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता 2023 सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मे दिनांक 01 दिसम्बर, 2023 को क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता-2023 संपन्न हुई। प्रधान कार्यालय, बिलासपुर मंडल, रायपुर मंडल, वैगन रिपेयर शॉप रायपुर, नागपुर मंडल एवं मोतीबाग कारखाना के प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। हिंदी की वर्तमान स्थिति और संघर्ष तथा नैतिकता स्वयं ही अपना पुरस्कार है विषय पर प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

श्री साकेत रंजन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर एवं डॉ. भवानी शंकर नाथ, उपमहानिरीक्षक सह मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल ने हिंदी वाक् प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वाह किया। श्री साकेत रंजन ने अपने वक्तव्य में कहा कि निर्धारित किये गए विषयों पर सभी प्रतिभागियों ने बहुआयामी विचार व्यक्त किये। हम सभी को अपनी मातृभाषा की स्थिति में सुधार हेतु पूरे मनोयोग से प्रयास करना चाहिए। डॉ. भवानी शंकर नाथ ने कहा कि यद्यपि निर्धारित किये गए विषय अपने आप में विस्तृत एवं दार्शनिक विषय थे जिनके बारे में अल्प समय में अपनी बात रख पाना आसान नहीं था तथापि प्रतिभागियों ने तथ्यात्मक एवं सारगर्भित रुप में अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम का संचालन श्री लोकेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी एवं वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक-। (मुख्यालय) ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री पी.एल. जाटवर, वरिष्ठ अनुवादक, प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग ने किया।

## एनटीपीसी कोरबा के नैगम सामाजिक डाइत्व्य के अंतर्गत (सीएसआर) मनाया गया गौरव दिवस




**कोरबा ( विश्व परिवार )।** जनजातीय मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एनटीपीसी कोरबा सीएसआर द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया।

बहादुर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने हेतु भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर दिनांक 15 नवंबर से 26 नवंबर तक जनजातीय गौरव दिवस के रूप में यह आयोजन आदिवासी बहुल क्षेत्रों में किया गया। एनटीपीसी कोरबा सीएसआर द्वारा एकलव्य विद्यालय छुरिकला एवं गौमुखी सेवा धाम देवपहरी स्कूल में छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें तीरंदाजी, कबड्डी, फुगड़ी, लोकनृत्य, दौड़, कुर्सी दौड़, इत्यादि शामिल हैं। आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रम आयोजित किये गये. जिसमें स्कुली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, जिसमें अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन एनटीपीसी कोरबा श्री प्रभात राम की गरिमामयी उपस्थिति रही, उन्होंने अपने उद्बोधन में भगवान बिरसा मुंडा के वीरता, राष्ट्रप्रेम एवं आदिवासियों के लिए किए गये उनके योगदान को याद किए एवं सभी को उनके द्वारा बताए गये आदर्शो का अनुसरण कर राष्ट्रहित में कार्य करने हेतु प्रेरित किए। कार्यक्रम में एनटीपीसी कोरबा सीएसआर के अधिकारीगण, स्कूलों के प्राचार्यगण, शिक्षकगण, सरपंच एवं गावों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अखिल जैन ने किया हरिओम गौशाला का अवलोकन, सेवाभाव को सराहा

### आरआर राय केन्द्रीय जेल अधिक्षक दुर्ग को मनोहर गौशाला द्वारा फसल अमृत का बुक प्रदान की



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** एनिमल वेल फेयर बोर्ड के मानद प्रतिनिधि अखिल जैन ने श्री हरिओम गौशाला के सक्रिय गौ सेवक भगवान दास अग्रवाल, गौशाला के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल दुर्ग के साथ हरिओम गौशाला का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि यह बहुत ही सुंदर स्वच्छ गौशाला है जिसका गौसेवक पूर्ण सेवा भाव से संचालन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से गौ शाला को आत्मनिर्भर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। जैन ने खैरागढ़ स्थित मनोहर गौशाला में निर्मित फसल अमृत की पूरी जानकारी दी। उन्होंने इस संबंध में तैयार की गई रिसर्च बुक भी भेंट की। गौसेवकों ने कहा कि वे जल्द ही मनोहर गौशाला खैरागढ़ आएंगे और फसल अमृत व गौ अर्क निर्माण जानकारी विस्तार से लेंगे। इस मौके पर दीपक अग्रवाल उपस्थित रहे। जैन ने बताया कि वे सभी को गौशाला से जोड़ते हैं और एक दूसरे के सहयोग से गौ माता को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में काम करते हैं। आखिल जैन पदम डाकलिया अभी तक 12 राज्यो में आत्म निर्भर गौ शाला बनाने हेतु मार्गदर्शन दे चुके है उनका सपना है कि देश की सभी गौशाला आत्म निर्भर बन जाए।

### केंद्रीय जेल में अखिल जैन ने किया गौ शेड का शुभारंभ

**दुर्ग।** एनिमल वेल फेयर बोर्ड के मानद प्रतिनिधि अखिल जैन पदम डाकलिया ने केंद्रीय जेल दुर्ग में नवीन गौ शेड का शुभारंभ किया। जेल परिसर 155 गौ वंश की सेवा देखभाल बहुत ही अच्छे से की जा रही है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक आर आर राय से उनकी गौ अर्क एवम फसल अमृत पर विस्तृत चर्चा हुई। जैन ने उन्हें गौ अर्क एवम फसल अमृत तैयार करने की विधि की विस्तार से जानकारी दी। जैन ने उन्हें फसल अमृत रिसर्च बुक भी भेंट की। इस अवसर पर दीपक अग्रवाल, प्रकाश सांखला उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक राय सर ने कहा कि खैरागढ़ स्थित मनोहर गौशाला की उन्होंने ख्याति सुनी है और वे वहां जाकर गोसेवा से संबंधित कार्यों का अवलोकन करेंगे।

## नवंबर माह में एसईसीएल ने दर्ज किया रिकॉर्ड 14.76 मिलियन टन कोयला उत्पादन

### ओबीआर एवं ऑफटेक में भी कंपनी ने किसी भी नवंबर माह के सर्वाधिक आंकड़े को छुआ



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** एसईसीएल ने नवंबर माह में रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 14.76 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। कंपनी की स्थापना के बाद से किसी भी नवंबर माह में किया गया यह अब तक का सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। इससे पहले कंपनी ने नवंबर 2022 में 14.61 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल किया था।

अगर ओवर बर्डन रिमूवल की बात करें तो कंपनी द्वारा स्थापना से किसी भी नवंबर माह का सर्वाधिक 31.33 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया है। पिछले वर्ष 2022 के नवंबर माह में कंपनी ने 25.28 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया था। इस प्रकार कंपनी ने गत वर्ष नवंबर माह की तुलना में 6 मिलियन टन के साथ लगभग 24त्न की बढ़ोत्तरी दर्ज की है।

डिस्पैच में भी कंपनी ने नवंबर माह के पिछले सभी आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए 15.02 मिलियन टन कोयला प्रेषण हासिल किया है। पिछले वर्ष नवंबर 2022 में एसईसीएल ने 12.57 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया था। इस तरह से कंपनी ने नवंबर 2023 में 3.12 मिलियन टन के साथ लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की है।

विदित हो कि कंपनी ने हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 22-23 में अपने इतिहास का सर्वाधिक 167 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए कंपनी को 197 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य मिला है। इस वित्तीय वर्ष 23-24 में कंपनी अपने इतिहास का सबसे तेज़ 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच के साथ 100 मिलियन क्यू. मी. ओबीआर पहले ही हासिल कर चुकी है।

## अफसर की संदिग्ध हालात में मौत

**कोरबा-रायपुर ( आरएनएस )।** जल संसाधन विभाग कोरबा के कार्यपालन अभियंता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। वहीं पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच-पड़ताल में जुट गए हैं। मृतक के शरीर में चोटों के निशान मिलने से मामला प्रथम दृष्टया हत्या का प्रतीत हो रहा है। मानिकपुर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत घंटाघर के समीप पावर हाइट्स के मून ब्लॉक के आवास क्रमांक 304 में सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता राजेश धवनकर निवास करते थे. उन्हें गुरुवार की देर शाम इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया. मामला संदिग्ध होने के कारण डॉक्टर ने तत्काल अस्पताल पुलिस को मेमो भेज दिया. जैसे ही सिंचाई विभाग के अफसर के मौत की खबर मिली तो पुलिस हरकत में आ गई. पूछताछ कर रही है।

## रायपुर कैट पदाधिकारियों मिटिंग हुई, प्रदेश कार्यकारिणी की रूपरेखा एवं अन्य कार्यक्रमों पर भी हुई चर्चा

### प्रदेश के सभी जिला ईकाइयों का पुर्नगठन एवं विभिन्न विभागों के लिए समिति गठन पर सहमति बनी




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी जी अध्यक्षयता में कैट के प्रदेश कार्यालय कैट एवं युवा पदाधिकारियों की बैठक हुई।

कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया की आगामी 19 दिसम्बर को कैट के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह का अयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी कर सभी पदाधिकारियों को कार्य का आंबटन किया गया। कैट और वैश्विक कंपनी मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं फेसबुक द्वारा स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित हाइपर-स्थानीय डिजिटल प्रशिक्षण के साथ व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए डिजिटलीकरण प्रयासों को अंतिम व्यापारी तक पहुँचाना है। डिजिटल और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना हैं। सायबर क्राइम कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। छोटे व्यापारियों के लिए गुमाशता बनाने हेतु शिविर लगाया जायेगा। एमएसएमई पर कार्यशाला का अयोजन किया जायेगा तथा प्रधानमंत्री मुद्रा लोन शिविर लगाया जायेगा। प्रदेश स्तरीय जीएसटी कार्यशाला का आयोजन जायेगा। जिसमें माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण जी, केन्द्रीय वित्त मंत्री, को आंमत्रित किया जायेगा। आने वाले समय में प्रदेश के सभी जिला ईकाइयों का पुर्नगठन एवं विभिन्न विभागों के लिए समिति गठन पर सहमति बनी।

मिटिंग में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, विजय पटेल, कैलाश खेमानी, सुनील धुप्पड, महेन्द्र कुमार बागरोडिया, सूरज उपाध्याय, प्रीतपाल सिंह बग्गा, महेश जेठानी, मोहन वर्ल्यानी, नागेन्द्र कुमार तिवारी, विक्रांत राठौर, परविन्द्रर सिंह, अमीत गुप्ता, मनीष कुमार सोनी, गुरूदीप सिंह आनन्द एवं अमित प्रजापति आदि।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN /2013/50354